शुक्रवार, 13 दिसम्बर 2024

मौसम

तापमान 25 – 12
आर्द्रता 68%
सूर्योदय: 6:08 सूर्यास्त: 16:54

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जीवन में आपकी उम्र, अच्छा वक्त और आपके अपने कभी एक जैसे नहीं रहते।



न्यायाधीशों को सोशल मीडिया के उपयोग से बचना चाहिए: उच्चतम न्यायालय –पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## उपासना स्थल : सुनवाई तक मंदिर-मस्जिद विवाद पर कोई नया केस, आदेश या सर्वे नहीं : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में बृहस्पतिवार को अगले आदेश तक देश की अदालतों को धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों और दरगाहों पर दावा करने संबंधी नए मुकदमों पर विचार करने और लंबित मामलों में कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, ''क्योंकि मामला इस अदालत में विचाराधीन है, इसलिए हम यह उचित समझते हैं कि इस अदालत के अगले आदेश तक कोई नया मुकदमा दर्ज न किया जाए।'' प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के इस निर्देश से विभिन्न हिंदू पक्षों द्वारा दायर लगभग 18 मुकदमों में कार्यवाही पर रोक लग गई है। इन मुकदमों में वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद समेत 10 मस्जिदों की मूल धार्मिक प्रकृति का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण का अनुरोध किया




गया है। विशेष पीठ छह याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर मुख्य याचिका भी शामिल थी। उपाध्याय ने याचिका में उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी है। संबंधित कानून के अनुसार, 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान उपासना स्थलों का धार्मिक स्वरूप वैसा ही बना रहेगा, जैसा वह उस दिन था। यह किसी धार्मिक स्थल पर फिर से दावा करने या उसके स्वरूप में बदलाव के लिए वाद दायर करने पर रोक लगाता है। अयोध्या में राम जन्मभूमि–बाबरी मस्जिद से संबंधित विवाद को हालांकि इसके दायरे से बाहर रखा गया था। कई प्रतिवाद याचिकाएं हैं, जिनमें सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और उन मस्जिदों की वर्तमान स्थिति को बनाए रखने के लिए 1991 के कानून के सख्त कार्यान्वयन का अनुरोध किया गया है, जिन्हें हिंदुओं ने इस आधार पर पुनः वापस किए जाने का अनुरोध किया है कि आक्रमणकारियों द्वारा ध्वस्त किए जाने से पहले ये मंदिर थे। पीठ ने कहा, ''हम 1991 के अधिनियम की शक्तियों, स्वरूप और दायरे की पड़ताल कर रहे हैं।'' पीठ ने अन्य सभी अदालतों से इस मामले में दूर रहने को कहा। इसने कहा कि उसके अगले आदेश तक कोई नया वाद दायर या पंजीकृत नहीं किया जाएगा और लंबित मामलों में, अदालतें उसके अगले आदेश तक कोई ''प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश'' पारित नहीं करेंगी। मामले में एक हिन्दू पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जे साई दीपक ने अन्य सभी अदालतों पर रोक लगाने वाले आदेश का विरोध किया और कहा कि ऐसा निर्देश देने से पहले सभी पक्षों को सुना जाना चाहिए था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि क्योंकि उच्चतम न्यायालय बड़े मुद्दे पर सुनवाई कर रहा है, इसलिए अदालतों से कोई आदेश पारित न करने को कहना स्वाभाविक है। पीठ ने कहा कि यदि पक्षकार जोर देते हैं तो मामला उच्च न्यायालय भेजा जा सकता है। इसने पूछा, ''क्या निचली अदालतें उच्चतम न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर जा सकती हैं?'' पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय पहले से ही कानून की वैधता पर विचार कर रहा है। न्यायालय ने कहा कि केंद्र के जवाब के बिना मामले पर फैसला नहीं किया जा सकता। इसने सरकार से चार सप्ताह के भीतर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा। न्यायालय ने केंद्र द्वारा याचिकाओं पर जवाब दाखिल किए जाने के बाद संबंधित पक्षों को भी प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने बचपन का सपना हकीकत में बदला

### सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बने

■ **मुर्मू और मोदी ने सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बनने पर गुकेश को बधाई दी**

**सिंगापुर :** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश बृहस्पतिवार को यहां उतार–चढ़ाव से भरे खिताबी मुकाबले की रोमांचक 14वीं और आखिरी बाजी में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराकर 18 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने। गुकेश ने 14 बाजी के इस मुकाबले की आखिरी क्लासिकल बाजी जीतकर खिताब जीतने के लिए जरूरी 7.5 अंक जुटाए जबकि लिरेन के नाम 6.5 अंक रहे। यह बाजी हालांकि अधिकांश समय ड्रॉ की ओर जाती दिख रही थी। खिताब जीतने के लिए



गुकेश को 25 लाख डॉलर की इनामी राशि का बड़ा हिस्सा मिलेगा। चेन्नई के गुकेश ने यहां ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैं पिछले 10 वर्षों से इस पल का सपना देख रहा था। मुझे खुशी है कि मैंने इस सपने को हकीकत में बदला।'' उन्होंने कहा, ''मैं थोड़ा भावुक हो गया था क्योंकि मुझे जीत की उम्मीद नहीं थी। लेकिन फिर मुझे आगे बढ़ने का मौका मिला।'' जीत के बाद मितभाषी किशोर गुकेश के चेहरे पर बड़ी मुस्कान देखी जा सकती थी और उन्होंने जश्न में अपनी बाहें ऊपर उठाईं। बृहस्पतिवार को गुकेश की खिताबी जीत से पहले रूस के दिग्गज गैरी कास्पारोव सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन थे जिन्होंने 1985 में अनातोली कार्पोव को हराकर 22 साल की उम्र में खिताब जीता था। गुकेश इस साल की शुरुआत में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद विश्व खिताब के लिए चुनौती पेश करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। वह दिग्गज विश्वनाथन आनंद के बाद वैश्विक खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने 2013 में मैग्नस कार्लसन को विश्व खिताब गंवा दिया था। गुकेश ने कहा, ''हर शतरंज खिलाड़ी इस सपने को जीना चाहता है। मैं अपना सपना जी रहा हूं।''

## एनआईए ने जैश–ए–मोहम्मद साजिश मामले में उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर समेत 19 स्थानों पर छापे मारे

**नयी दिल्ली/श्रीनगर :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद की युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और देश में आतंक फैलाने की साजिश की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को कई राज्यों में छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के अलावा उत्तर प्रदेश सहित तीन राज्यों में 19 स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। जम्मू कश्मीर में एनआईए के अधिकारियों ने अनंतनाग के बामजू मट्टन इलाके, बारामुला के क्रेरी और बडगाम जिले के खानसाहिब में सुबह छापे मारे। मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

## शिक्षक भर्ती घोटाला मामला : सुनवाई टली, अब सुप्रीम कोर्ट 19 दिसंबर को करेगी सुनवाई

■ **26 हजार शिक्षकों की नियुक्तियां रद्दीकरण का मामला**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में देश की निगाह अब 19 दिसंबर पर जा टिकी है। क्योंकि, शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अब अगले हफ्ते यानी 19 दिसंबर को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की मांग पर सुनवाई को टाल दिया है। कोर्ट यह पहले ही कह चुका है कि जिन शिक्षकों की नियुक्तियां गैरकानूनी पाई जाएंगी, उनका वेतन लौटाना सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निर्भर करेगा। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट कोर्ट ने कोलकाता हाइकोर्ट के उस आदेश पर आंशिक रोक लगा दी है जिसमें हाइकोर्ट ने कहा था कि सीबीआई हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक कोई ठोस कदम नहीं उठाएगी। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि यह सिस्टमैटिक फ्रॉड का मामला है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों को 25,753 शिक्षकों और गैर शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड बनाये रखना होगा। उल्लेखनीय है कि शिक्षकों की भर्ती घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगा चुका है। बता दें कि करीब 25 हजार टीचरों और स्कूल कर्मियों की नौकरी को रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने याचिका दायर की है। 2016 की इन नियुक्तियों को करप्शन के चलते कलकत्ता कोर्ट ने रद्द किया. इसके साथ कहा था कि इन शिक्षकों को तनख्वाह ब्याज समेत लौटानी होगी।

## सड़क हादसों के 'गंदे रिकॉर्ड' के कारण विश्व सम्मेलनों में अपना मुंह छिपाता हूं: गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भारत का रिकॉर्ड इतना 'गंदा' है कि उन्हें विश्व सम्मेलनों में मुंह छिपाना पड़ता है। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि उनके मंत्रालय के तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसों में कमी नहीं आई, बल्कि इसमें वृद्धि हो गई। गडकरी ने कहा, ''जब तक समाज का सहयोग नहीं मिलेगा, मानवीय व्यवहार नहीं बदलेगा और कानून का डर नहीं होगा, तब तक सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लगेगा।'' उनके अनुसार, देश में सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है और हर साल 1.7 लाख से अधिक लोगों की मौत ऐसी दुर्घटनाओं में हो जाती है।



गडकरी ने कहा, ''इतने लोग न लड़ाई में मरते हैं, न कोविड में मरते हैं और न ही दंगे में मरते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं विश्व सम्मेलनों में जाता हूं तो मुंह छिपाता हूं। (दुर्घटनाओं का) सबसे गंदा रिकॉर्ड हमारा है।'' उन्होंने सांसदों से कहा कि वे सड़क हादसों को रोकने के लिए अपने स्तर पर प्रयास करें और परिवहन विभाग के सहयोग से स्कूलों आदि में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करें। गडकरी के मुताबिक, नीति आयोग की रिपोर्ट है कि सड़क हादसों के शिकार 30 प्रतिशत लोगों की मौत जीवन रक्षक उपचार नहीं मिल पाने के कारण होती है। उन्होंने कहा, ''इसलिए उपचार के लिए कैशलैस योजना लाई गई है। उत्तर प्रदेश में इस पायलट परियोजना की शुरुआत हो रही है, इसके बाद पूरे देश में लागू की जाएगी।''

## इसरो को मिली बड़ी सफलता, सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसका सीई20 क्रायोजेनिक इंजन सामान्य वातावरण परिस्थितियों में एक महत्वपूर्ण परीक्षण में सफल रहा है और इस तरह उसे एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। इसरो के अनुसार यह सफलता भविष्य के मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा, ''इसरो ने 29 नवंबर को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' में 100 नोजल क्षेत्र अनुपात वाले अपने सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का समुद्र तल पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया।'' इसरो ने बताया कि 'लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर' द्वारा विकसित स्वदेशी सीई20 क्रायोजेनिक इंजन 'लॉन्च व्हीकल मार्क–3' (एलवीएम–3) के ऊपरी चरण को ताकत प्रदान कर रहा है और इसे 19 टन के 'थ्रस्ट' स्तर पर संचालित करने के लिए योग्य



बनाया गया है। इसने कहा कि इस इंजन ने अब तक छह एलवीएम3 मिशन के ऊपरी चरण को सफलतापूर्वक संचालित किया है। इसरो ने कहा, ''हाल में इंजन को गगनयान मिशन के लिए 20 टन के 'थ्रस्ट' स्तर के साथ सक्षम बनाया गया था, तथा भविष्य के सी32 चरण के लिए 22 टन के उन्नत 'थ्रस्ट' स्तर के लिए भी सक्षम बनाया गया था, ताकि एलवीएम3 प्रक्षेपण यान की पेलोड क्षमता को बढ़ाया जा सके।'' गगनयान इसरो का पहला मानवयुक्त मिशन है।

## मतदाता सूची संशोधन में राजनीतिक दलों को शामिल करें: निर्वाचन आयोग

नयी दिल्ली : निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में अपने अधिकारियों से कहा कि वे राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ वैधानिक प्रावधानों के अनुसार मतदाता सूचियों का संशोधन और अद्यतन सुनिश्चित करें। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आयोग ने इस बात पर बल दिया कि दिल्ली में मतदाता सूची में संशोधन करते समय उसके निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए।

Suffering from hip or Knee pain?
Ask Dr. Santosh
"Knee replacement can bring you back to normalcy, when done with precision" - Dr Santosh Kumar

प्रश्न– नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी के परिणामों के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है?
डॉ. संतोष ने बताया कि नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी के परिणामों के लिए कई चीजे मायने रखती है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण होता है सर्जन की विशेषज्ञता और अनुभव। सर्जन और उनकी टीम का कौशल सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बेशक इस्तेमाल किया जाने वाला इम्प्लांट भी अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता का होना चाहिए। लेकिन, मशीन के पीछे उसे चलाने वाला आदमी है, जो ज्यादा मायने रखता है। सर्जरी के बाद अच्छे नर्व ब्लॉक्स और अन्य मल्टी–मॉडलिटी के माध्यम से दर्द नियंत्रण करना बहुत महत्वपूर्ण है। यह आत्मविश्वास बढ़ाता है। सर्जरी के बाद व्यायाम स्वास्थ्य लाभ में तेजी लाता है और उत्साह को बढ़ाता है। इन सबके के साथ मरीज का रवैया भी बहुत महत्वपूर्ण है। मरीज की सकारात्मक सोच उसे ठीक


Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar with world's latest Navigation System Orthopilot

करने में काफी अहम भूमिका निभाता है।

प्रश्न– नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?
डॉ. संतोष ने बताया कि इस्तेमाल किए जाने वाले इम्प्लांट अंतरराष्ट्रीय स्तर का होना चाहिए और लंबे समय तक फॉलोअप करना चाहिए। न्यू इम्प्लांट से बचना चाहिए। हम लंबे जीवन के लिए लो कांटेक्ट स्ट्रेस फ्लेक्सिबल इम्प्लांट का उपयोग करते हैं। टिबियल प्लेट आमतौर पर टाइटेनियम से बनी होती है। इम्प्लांट के दौरान स्ट्रेस को संतुलित रखने बहुत जरूरी है। यह अनिवार्य रूप से एक अनुभव सर्जन द्वारा किया जाना चाहिए। अच्छी सिमेंटेशन तकनीक बहुत महत्वपूर्ण है जो इम्प्लांट को हड्डी में ठीक करता है, जो फिर से सर्जन पर ही निर्भर करता है।

प्रश्न–ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत किसे होती है?
डॉ. संतोष जब किसी व्यक्ति को चलने फिरने में परेशानी आने लगे। घुटनों में दर्द होने का आरथ्राइटिस भी एक प्रमुख कारण होता है, और जब ये दर्द दैनिक जीवन की गतिविधियों को







प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो उसे नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत होती है।

प्रश्न– ज्वाइंट रिप्लेसमेंट करवाने की सही उम्र क्या है?
डॉ. संतोष उम्र के अनुसार जब रोजमर्रा के काम करने में परेशानी आने लगे तो उसे, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के बारे में सोचना चाहिए। ज्वाइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक कठिन हो जाती है और रिकवरी में भी देरी होती है। लेकिन हां, जरूरत से पहले ज्वाइंट रिप्लेसमेंट करवाना भी नहीं चाहिए।

प्रश्न– रिप्लेसमेंट इम्प्लांट कितने सालों तक रहती है?
डॉ. संतोष नी–रिप्लेसमेंट इम्प्लांट ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है। अनसीमेंटेड हिप इम्प्लांट अधिक समय तक चलता है।

Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 25000+Patients in 15+Years

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी दी

### बिल को अगले हफ्ते संसद में पेश कर सकती है सरकार



■ **बिल पर आम सहमति बनाना चाहती हैं सरकार**

**नयी दिल्ली :** सत्तारूढ़ भाजपा ने बृहस्पतिवार को 'एक देश, एक चुनाव' के अपने प्रमुख मुद्दे को लागू करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा के क्रियान्वयन के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मंत्रिमंडल ने दो मसौदा कानूनों को मंजूरी दी है, जिसमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव से जुड़ा है। संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत, जबकि दूसरे विधेयक के लिए सदन में सामान्य बहुमत की आवश्यकता होगी। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली एक उच्चस्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ–साथ चरणबद्ध तरीके से नगर निकाय और पंचायत चुनाव कराने का भी प्रस्ताव दिया था, लेकिन मंत्रिमंडल ने ''फिलहाल'' स्थानीय निकाय चुनावों के मुद्दे से दूरी रखने का निर्णय किया है। इस संबंध में एक सूत्र ने बताया कि प्रधानमंत्री ने विकास पहलों तथा समग्र विकास को और बढ़ावा देने के लिए एक साथ चुनाव कराए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। सूत्र ने कहा कि दिसंबर 2016 में पहली बार इस अवधारणा के लिए जोरदार वकालत करने के बाद से वह देश में एक साथ चुनाव कराने की जरूरत के बारे में अकसर बात करते रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में इस विचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल तेलुगू देशम पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जैसे भाजपा के सहयोगी दल इस अवधारणा का समर्थन कर रहे हैं।

### दिल्ली की तानाशाही सनक के आगे बंगाल नहीं झुकेगा : ममता

**'एक राष्ट्र, एक चुनाव' अवधारणा पर मुख्यमंत्री ने उठाया सवाल**

कोलकाता, समाज्ञा : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के फैसले को लेकर तीखा हमला बोला और इस कदम को असंवैधानिक तथा संघीय व्यवस्था विरोधी करार दिया। इस दिन, ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि प्रस्तावित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक सत्ता को केंद्रीकृत करने और भारत के लोकतंत्र को कमजोर बनाने का एक प्रयास है। उन्होंने लिखा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असंवैधानिक और संघीय ढांचे के विरोधी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसमें विशेषज्ञों और विपक्षी नेताओं की हर वैध चिंता को नजरअंदाज किया गया है। यह कोई सावधानीपूर्वक विचार–विमर्श के बाद लिया गया फैसला नहीं है। इसे भारत के लोकतंत्र और संघीय ढांचे को कमजोर करने के लिए यह थोपा गया है। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद संसद में इस काले कानून का पुरजोर विरोध करेंगे। बंगाल दिल्ली की तानाशाही सनक के आगे कभी नहीं झुकेगा। यह लड़ाई भारत के लोकतंत्र को निरंकुशता के चंगुल से बचाने के लिए है।

### कांग्रेस ने 'एक देश, एक चुनाव' का विरोध किया, इसे ध्यान भटकाने की कोशिश बताया

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने संबंधी विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिये जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार चुनावी शुचिता पर उठ रहे सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि इस विधेयक को पेश किए जाने के बाद इसे संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करने संबंधी विधेयकों को मंजूरी दे दी और मसौदा कानून मौजूदा शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की संभावना है।

## जन-जन की फौज जीतेगी जंग

देश में नासूर बनते नशे के खिलाफ अभियान में यदि 114 वर्षीय धावक फौजा सिंह प्रेरक पदयात्रा कर सकते हैं तो ऊर्जावान युवा-बुजुर्ग क्यों नहीं। 'नशा मुक्त-रंगला पंजाब' अभियान के अंतर्गत निकाले गए नशा विरोधी मार्च में मंगलवार को मैराथन धावक फौजा सिंह के साथ ही पंजाब के राज्यपाल अस्सी वर्षीय गुलाब चंद कटारिया की आठ किलोमीटर की पैदल यात्रा सुर्खियों में रही। निश्चित रूप से पंजाब सरकार की पहल अनुकरणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी बड़ा सामाजिक बदलाव का आंदोलन व्यापक जन भागीदारी से ही सिरे चढ़ सकता है। आज पंजाब समेत देश के अन्य राज्यों में युवा पीढ़ी जिस भयावह तरीके से नशे के दलदल में धंसती जा रही है, वह राष्ट्र के लिये एक गंभीर चुनौती है। जिसका मुकाबला सरकारों के साथ आम आदमी के जुड़ाव से ही संभव है। निश्चित रूप से ऐसी पदयात्रा सिर्फ राजनीतिक निहितार्थों और प्रतीकात्मक रूप से आयोजित नहीं होनी चाहिए। ऐसे अभियान को आंदोलन का रूप देकर इस तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही इस तरह के अभियानों से हासिल उपलब्धियों का मूल्यांकन भी जरूरी है। निस्संदेह, औपचारिकताओं के निर्वहन और मीडिया में सुर्खियां बटोरना ऐसे आंदोलन का लक्ष्य तो कदापि नहीं हो सकता। राज्यपाल महोदय का यह कथन सोलह आने सच है कि इस मुद्दे पर बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही महिलाओं की इस आंदोलन में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। निस्संदेह, नशे के नश्तर से महिलाओं को मर्मांतक पीड़ा सहन करनी पड़ती है। अब चाहे पति हो या बेटा, नशे की लत लगने से पूरा परिवार ही संकट में आ जाता है। इसमें दो राय नहीं कि जब पंजाब की नारी शक्ति एकजुट होकर इस मुहिम का नेतृत्व करेगी तो पंजाब अपने स्वर्णिम दिनों की ओर लौट सकता है। निश्चित रूप से किसी राज्य या देश की जवानी का नशे के सैलाब में डूबना राष्ट्रीय क्षति ही है। इसके लिये नशे की आपूर्ति रोकने से लेकर प्रयोग तक पर नियंत्रण की राष्ट्रव्यापी मुहिम की जरूरत है।

निस्संदेह, नशे के तेजी से बढ़ते शिकंजे से न केवल असामयिक मौतों, लाइलाज बीमारियों का खतरा बढ़ता है, बल्कि समाज में अपराधों का सिलसिला भी तेज हो जाता है। देखने में आया है कि बड़े अपराधों से लेकर चोरी छीनाझपटी की घटनाओं के मूल में नशाखोरी की भूमिका होती है। कई आपराधिक घटनाओं के मूल में उन कालेज जाने वाले छात्रों की भूमिका पायी गई है, जो नशे के लिये पैसा जुटाने के लिये अपराध की अंधी गलियों में उतर जाते हैं। यह जानते हुए भी यह रास्ता उनके जीवन को बर्बादी की राह पर ले जाता है। निश्चित रूप से समाज विज्ञानियों को भी व्यापक अध्ययन करना चाहिए कि क्यों नई पीढ़ी नशे की ओर तेजी से उन्मुख हो रही है। एक समय था कि पंजाब में आतंक फैलाने के खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिये सीमा पार से नशे की बड़ी खेप पंजाब भेजी जाती रही है। चरमपंथियों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिये भी इस षड्यंत्र को सुनियोजित तरीके पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों ने अंजाम दिया। हाल के दिनों में बीएसएफ ने पाकिस्तान की सीमा से लगते भारतीय इलाकों में ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों को गिराने की साजिशों पर लगाम लगायी है। निश्चित रूप से पहले कदम के रूप में सीमाओं को नशे की तस्करी से निरापद बनाने की जरूरत है। वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल उन काली भेड़ों को भी बेनकाब करने की जरूरत है जो नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रही हैं। साथ ही नशे से पीड़ितों को इस दलदल से बाहर निकालने के लिये नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना और पीड़ितों को मनोवैज्ञानिक उपचार देने की भी जरूरत है। निश्चित रूप से नशा पंजाब के लिये बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जिसके खिलाफ साझा लड़ाई से ही हम कामयाब हो सकते हैं। सही मायनों में यह स्थिति इस संवेदनशील सीमांत राज्य के लिये ही चुनौती नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय संकट की भी आहट है। केंद्रीय एजेंसियों व पंजाब के शासन-प्रशासन को मिलकर नशे के समूल नाश के लिये व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 दिसम्बर, शुक्रवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 19:40 तक, नक्षत्र : भरणी, 07:49 तक, योग : शिव, 11:47 तक, सूर्योदय: 6:08, सूर्यास्त: 16:54 चन्द्रोदय : 14:53, चन्द्रास्त: 03:43, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 10:11 से 11:30

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों का दिन तरक्की से भरा होगा और खुशी का अनुभव होगा। नौकरी के साथ-साथ पार्ट-टाइम बिज़नेस के लिए भी समय निकाल लेंगे और आपकी सभी महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी।

**वृष :** वृष राशि वालों को करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य साथ देगा। सम्मान बढ़ेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। जीवन स्तर में सुधार होगा और आपकी तरक्की होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को करियर में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी। आपकी अप्रत्याशित उन्नति देखकर सब हैरान होंगे।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा। परिवार में किसी की चिंता आपको परेशान कर सकती है। आपको रुपये-पैसे के मामले में कोई फैसला काफी सोचकर लेना चाहिए।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए आर्थिक मामलों में दिन मिलाजुला होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। कारोबार की चिंता आपको परेशान कर सकती है।

**कन्या :** कन्या राशि वालों को करियर के मामले में लाभ होगा और हर कार्य में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको मेहनत से किए गए काम में सफलता मिलेगी और भाग्य में वृद्धि होगी।

**तुला :** तुला राशि वालों के करियर को लेकर परेशान रहेंगे और चिंतित रहेंगे और काम में मन नहीं लगेगा। कुछ परेशानियां बिना वजह सामने आ सकती हैं। सावधान रहें और काम पर ध्यान दें।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों का भाग्य साथ दे रहा है। अचानक मिले शुभ समाचार से खुशी होगी और आपकी तरक्की होगी। कारोबार में योजनाओं की सफलता से मन आनंदित रहेगा।

**धनु :** धनु राशि वालों को लाभ होगा और आपके लिए दिन सफलता से भरा रहेगा। आपको रुका हुआ धन मुश्किल से मिलेगा और आपको इसके लिए काफी मेहनत भी करनी पड़ सकती है।

**मकर :** मकर राशि वालों का भाग्य साथ दे रहा है और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। शुभ समाचार मिलते रहेंगे। दोस्तों के साथ समय बिताने से मन हल्का होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों का भाग्य साथ दे रहा है। लाभ और प्रसन्नता में आपका दिन बीतेगा। आयात-निर्यात का व्यवसाय शुरू करने का निर्णय हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी।

**मीन :** मीन राशि वालों को लाभ होगा और दिन उन्नति से भरा होगा। उन्नति के कई रास्ते खुलेंगे और किस्मत साथ देगी। पढ़ाई और आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। विवाद खत्म होंगे।

# राजस्थान में बोरवेल में गिरे बच्चे की मौत

## 56 घंटे के प्रयासों के बाद निकाला गया शव



**जयपुर :** प्रशासनिक अधिकारियों, एनडीआरएफ के जवानों और स्थानीय लोगों की अथक मेहनत के बावजूद बोरवेल में गिरे पांच साल के बच्चे को सकुशल नहीं निकाला जा सकता। लगातार 56 घंटे की कोशिश के बाद बुधवार देर रात जब वे बच्चे के पास पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। नांगल राजावतान के उपखंड अधिकारी यशवंत मीणा के मुताबिक, बच्चे का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना दौसा जिले के कालीखाड़ गांव में सोमवार दोपहर हुई जब पांच साल का आर्यन खेत में खेल रहा था और अपनी मां के सामने ही गलती से खुले बोरवेल में गिर गया। अपने खेत में रोजाना की तरह काम कर रही गुड्डी देवी को जरा भी अंदाजा नहीं था कि उसका बेटा पल भर में 150 फुट गहरे बोरवेल में फंस जाएगा। वह कुछ समझ पाती इससे पहले तो आर्यन उस गड्ढे में समा चुका था जो अंततः उसके लिए 'मौत का कुआं' साबित हुआ। बचाव अभियान के दौरान गुड्डी देवी बार-बार बेहोश हो रही थी और होश में आने पर अपने बेटे के बारे में पूछती रही। उसके पिता उस पल को कोस रहे थे जब उन्होंने तीन साल पहले यह बोरवेल खोदा था, जो कभी शुरू नहीं हो सका। उनके ही खेत में खुला बोरवेल बच्चे की मौत का कारण बन गया। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार दोपहर को घटना के एक घंटे बाद शुरू हुआ बचाव अभियान 56 घंटे बाद आर्यन का शव निकालने के साथ खत्म हुआ। घटनास्थल पर लगातार डेरा डाले लोगों को उम्मीद थी कि बच्चे को बचा लिया जाएगा।

### गाजियाबाद के होटल में आटे में थूकते पकड़ा गया नाबालिग, दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के मोदीनगर स्थित गोविंदपुरी इलाके में एक मांसाहारी रेस्तरां में रसोइए के तौर पर काम करने वाले नाबालिग लड़के का तंदूर में रोटी पकाने से पहले आटे में थूकने का वीडियो सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में होटल मालिक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटना तब सामने आई जब बुधवार रात को 'नाज चिकन पॉइंट' होटल में खाना खाने के लिए पहुंचे दो ग्राहकों ने रेस्तरां में रसोइए के तौर पर काम करने वाले नाबालिग लड़के को तंदूर में रोटी पकाने से पहले आटे में थूकते हुए देखा। स्थानीय निवासी प्रकाश सिंह द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, जब ग्राहकों ने होटल के कर्मचारियों से इस हरकत के बारे में पूछा, तो मालिक अनुज और उसके सहयोगी आबिद ने कथित तौर पर उन पर हमला करने का प्रयास किया।

### राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ 11 जनवरी को मनाई जाएगी

**अयोध्या (उप्र) :** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ पर धार्मिक समारोह अगले साल 11 जनवरी को मनाया जाएगा। अयोध्या में राम मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह इस साल 22 जनवरी को हुआ था। राय ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'समारोह की तारीख हिंदू परंपराओं के अनुसार तय की गई है।' उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य मंदिर के साथ-साथ राम मंदिर परिसर में अठारह नए मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें दशावतार, शेषावतार, निषादराज, शबरी, अहिल्या और संत तुलसीदास को समर्पित मंदिर शामिल हैं। राय ने कहा कि काम तेजी से आगे बढ़ रहा है और सभी विकास नियोजित तिथियों के अनुरूप हैं। राय ने भगवान रामलला को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद को लेकर फैली अफवाहों का पुरजोर तरीके से खंडन किया। उन्होंने स्पष्ट किया, 'पिछले 30 वर्षों से रामलला के परिसर में बाहर से कोई भी प्रसाद नहीं लाया गया है।' उन्होंने कहा, 'भक्तों को वितरित किया जाने वाला प्रसाद मंदिर परिसर के भीतर ही तैयार किया जाता है और इसे विशेष रूप से लंबे समय तक खराब न होने के लिए डिज़ाइन किया जाता है।'

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में महावीर बाल कैंसर अस्पताल का शिलान्यास किया



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को राज्य की राजधानी पटना में महावीर बाल कैंसर अस्पताल का शिलान्यास किया। महावीर बाल कैंसर अस्पताल का निर्माण राज्य की राजधानी के फुलवारी शरीफ इलाके में महावीर कैंसर संस्थान द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह अस्पताल देश में अपनी तरह का पहला अस्पताल होगा, जो कैंसर से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए विशेष रूप से समर्पित होगा। छह मंजिला अस्पताल में 100 बिस्तर होंगे तथा इसमें 18 साल तक के किशोरों का मुफ्त इलाज हो सकेगा। इस अवसर पर बिहार के मंत्री अशोक चौधरी, महावीर मंदिर ट्रस्ट के सचिव आचार्य कुणाल किशोर और जिला प्रशासन के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। महावीर मंदिर ट्रस्ट पहले से ही पटना में दो प्रमुख अस्पताल महावीर कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र तथा महावीर वात्सल्य अस्पताल का संचालन कर रहा है।

### अदालत ने झारखंड के लोगों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण संबंधी कानून पर रोक लगाई

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में निजी क्षेत्र में 40,000 रुपये प्रति माह तक के वेतन वाली नौकरियों में स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत आरक्षण की गारंटी देने वाले कानून को लागू किए जाने पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने बुधवार को 'झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021' के प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक लघु उद्योग संघ की याचिका पर सुनवाई की। झारखंड विधानसभा द्वारा 2021 में पारित अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक नियोक्ता, जहां सकल मासिक वेतन या मजदूरी 40,000 रुपये से अधिक नहीं है, उसे ऐसे पदों के संबंध में कुल मौजूदा रिक्तियों में 75 प्रतिशत पदों को स्थानीय उम्मीदवारों द्वारा भरना होगा। झारखंड लघु उद्योग संघ के वकील ए.के. दास ने कहा कि इस अधिनियम से राज्य के उम्मीदवारों और झारखंड से बाहर के उम्मीदवारों के बीच स्पष्ट विभाजन पैदा हो गया है।

## योगी के मंत्रियों ने बिहार के राज्यपाल, नीतीश को कुंभ का निमंत्रण दिया



**पटना :** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से प्रयागराज में जनवरी में शुरू होने वाले धार्मिक समागम महाकुंभ के लिए निमंत्रण मिला। योगी सरकार के दो मंत्रियों राकेश सचान और दयाशंकर सिंह ने बृहस्पतिवार को पटना पहुंच कर आर्लेकर और कुमार को निमंत्रण पत्र सौंपा। मंत्रियों ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ 2025 को भारत की सांस्कृतिक एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए समर्पित है और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है कि यह आयोजन ऐतिहासिक हो, जिसमें अंतरराष्ट्रीय भागीदारी और अत्याधुनिक सुविधाएं हों। मंत्रियों ने कहा कि इस साल का महाकुंभ भव्यता के मामले में पिछले सभी महाकुंभ को पीछे छोड़ देगा, जिसमें 45 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों, संतों, तपस्वियों और पर्यटकों के आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की तैयारी में उत्तर प्रदेश सरकार ने सावधानीपूर्वक और समय पर व्यवस्था की है। मंत्रियों ने व्यवस्थाओं के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को श्रेय दिया। उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री श्री राकेश सचान ने कहा, यह एक स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित और डिजिटल महाकुंभ होगा।

### प्रधानमंत्री मोदी प्रयागराज में 6,670 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का दौरा करेंगे, जहां वे 6,670 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के अलावा पूजा-अर्चना भी करेंगे तथा महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। वह प्रयागराज जाएंगे और दोपहर करीब 12:15 बजे संगम तट पर पूजा और दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12:40 बजे प्रधानमंत्री अक्षय वट वृक्ष में पूजा करेंगे, उसके बाद हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन और पूजा करेंगे।' बयान में कहा गया कि दोपहर डेढ़ बजे वह महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण करेंगे। पीएमओ ने कहा, 'इसके बाद, दोपहर लगभग 2 बजे वह प्रयागराज में 6,670 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुरुआत करेंगे।' प्रधानमंत्री महाकुंभ 2025 के लिए जिन विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उनमें प्रयागराज में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और निर्बाध संपर्क प्रदान करने के लिए 10 नए रोड ओवर ब्रिज या फ्लाईओवर, स्थायी घाट और रिवफ्रंट रोड जैसी विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाएं शामिल होंगी। पीएमओ ने कहा कि स्वच्छ और निर्मल गंगा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री, गंगा नदी की ओर जाने वाले छोटे नालों के अवरोधन, दोहन, दिशा परिवर्तन और उपचार की परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे, जिससे नदी में अशोधित जल का कोई निर्वहन नहीं होगा।

### 17 वर्षीय नेपाली लड़की को भारत में तस्करी के दौरान मुक्त कराया गया

**बहराइच (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से 17 वर्षीय नेपाली लड़की को मुक्त कराया गया है जिसे कथित रूप से तस्कर कर महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एसएसबी ने मानव तस्करी रोधी इकाई (एएचटीयू) के साथ मिलकर बुधवार को बचाव अभियान चलाया। एसएसबी की 42वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन ने कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर बुधवार शाम करीब 5:50 बजे जांच चौकी के पास रुपईडीहा व्यापार और पारगमन मार्ग पर संयुक्त अभियान चलाया गया।

## न्यूज अपडेट

### हाथरस बलात्कार-हत्या मामले की पीड़िता के परिवार से मिलने के लिए हाथरस पहुंचे राहुल



**हाथरस (उप्र) :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हाथरस सामूहिक बलात्कार पीड़िता के परिवार से मिलने के लिए बृहस्पतिवार सुबह यहां पहुंचे। युवती (19) से 14 सितंबर, 2020 को कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया था। उसे इलाज के लिए अलीगढ़ और बाद में दिल्ली ले जाया गया, जहां 29 सितंबर 2020 को उसकी मौत हो गई। कांग्रेस सांसद पूर्वाह्न करीब 11.15 बजे बूल गढ़ी गांव पहुंचे। पुलिस ने उनके अपेक्षित दौरे के मद्देनजर जिले के चंदपा इलाके में स्थित गांव और उसके आसपास पुलिसकर्मियों की तैनाती बढ़ा दी थी। कांग्रेस के अनुसार, परिवार ने इस साल की शुरुआत में गांधी से संपर्क कर 'न्याय' पाने में मदद मांगी थी। परिवार ने महिला के पिता द्वारा विपक्ष के नेता को लिखा एक पत्र साझा किया था।

### महाकुम्भ 2025 में 'हर घर जल' गांव बसाएगी योगी सरकार

**महाकुम्भ नगर :** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार महाकुम्भ-2025 में एक 'हर घर जल' गांव बसाएगी जो 40 हजार वर्ग फुट क्षेत्र में फैला होगा। मेला प्राधिकरण से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि इस गांव में जहां एक तरफ जल जीवन मिशन बुंदेलखंड के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी बतायी जाएगी, वहीं महाकुम्भ में प्रदेश के नए गांवों की सफलता की दास्तां से भी श्रद्धालु एवं पर्यटक परिचित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में ग्रामीण जलापूर्ति और नमामि गंगे विभाग महाकुम्भ में इसकी तैयारी कर रहा है। यहां पांच जनवरी से 26 फरवरी तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसमें अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण जलापूर्ति और नमामि गंगे विभाग की तरफ से महाकुम्भ में 'जल मंदिर' भी बनाया जाएगा जिसमें भगवान शिव की जटा से गंगा धरती पर उतरती दिखाई देंगी। 'जल मंदिर' में सुबह-शाम जल आरती भी होगी। अधिकारियों ने बताया कि पांच जनवरी से लगने वाली प्रदर्शनी में बुंदेलखंड की ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बुंदेलखंड में बदलाव की कहानी बयां करेंगी।

### संभल में अवैध निर्माण के लिए सपा सांसद को नोटिस जारी

**संभल (उप्र) :** संभल के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जिया उर रहमान बर्क को भवन मानचित्र की पूर्व स्वीकृति के बिना कथित रूप से मकान बनाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उत्तर प्रदेश भवन विनियमन (रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग 1958)1958 के तहत जारी किए गए नोटिस में स्थानीय भवन मानदंडों के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेसिया ने पुष्टि की कि नोटिस जारी किया गया है। पेसिया ने कहा कि नियमों के अनुसार विनियमित क्षेत्र में मकान बनाने वाले किसी भी व्यक्ति को अधिकारियों द्वारा स्वीकृत भवन मानचित्र की आवश्यकता होती है। पेंसिया ने कहा कि क्षेत्र में अन्य लोगों को भी इसी तरह के कई नोटिस जारी किए गए हैं और यह विशेष नोटिस बर्क को आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने के लिए जारी किया गया है।


### वैज्ञानिक के नाबालिग बेटे ने जांच को गुमराह करने के बाद मां की हत्या की बात कबूली

**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक वैज्ञानिक के नाबालिग बेटे ने यहां अपने घर पर अपनी मां की हत्या करने की बात कबूल की है। इससे पहले लड़के ने अपने पिता और पुलिस जांच को गुमराह करते हुए दावा किया था कि उसकी मां की मौत दुर्घटनावश गिरने से हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीन दिसंबर को आरती वर्मा की उस वक्त मौत हो गई थी जब 11वीं में पढ़ने वाले उनके बेटे ने उन्हें धक्का दे दिया था और उनका सिर दीवार से जा टकरा था। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विस्तृत जांच के दौरान पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया, दो घंटे की पूछताछ के बाद किशोर ने स्वीकार किया कि उसने बहस के दौरान अपनी मां को धक्का दे दिया था जिससे उनके सिर में घातक चोट लग गई थी। उन्होंने बताया कि आरती के पति राम मिलन चेन्नई में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में सहायक वैज्ञानिक के तौर पर कार्यरत हैं और उन्होंने तीन दिसंबर की शाम को अपनी पत्नी को फोन किया। श्रीवास्तव ने बताया कि जब दो दिन तक फोन बंद रहा तो उन्होंने सात दिसंबर को अपनी साली ज्ञांती देवी को घर जाने के लिए कहा लेकिन घर बाहर से बंद था। अगली शाम गोरखपुर लौटने पर राम मिलन ने अपनी पत्नी का शव फर्श पर पड़ा पाया। पुलिस ने बताया कि उनका बेटा शिव मंदिर के पास मिला और उसने शुरूआत में पुलिस और अपने पिता को बताया कि उसकी मां की मौत गिरने से हुई है।

### झारखंड विधानसभा ने 11,697 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट पारित किया

**रांची :** झारखंड विधानसभा ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 11,697.45 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट बृहस्पतिवार को पारित कर दिया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें राज्य सरकार की प्रमुख योजना 'मइया सम्मान योजना' को बढ़ावा देने के लिए महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 6,390.55 करोड़ रुपये का अधिकतम परिव्यय आवंटित किया गया। इस योजना के तहत राज्य सरकार ने शुरुआत में 18 से 50 वर्ष तक की आयु की महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये दिए थे। लेकिन दिसंबर से यह राशि बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। अनुपूरक बजट पर बहस में कुल 10 सदस्यों ने हिस्सा लिया। विपक्षी दल भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी इस योजना के लाभार्थियों से संबंधित मानकों को लेकर खुश नहीं है। तिवारी ने कहा, 'चुनाव के समय सत्तारूढ़ पार्टी ने सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ देने का वादा किया था लेकिन अब वह कुछ मानदंड लेकर आई है। मुझे नहीं लगता कि एक प्रतिशत महिलाएं भी इस मानदंड को पूरा कर पाएंगी।'

## वर्ग पहेली नं. 2944



**ऊपर से नीचे:-** 1) पृथ्वी, 2) प्रहारक, 3) श्रावण मास, 4) पेंदा, 5) बलवान, 8) अन्यथा, 9) शिव, 10) सही, 12) खोल, 13) नस, 15) विवेक, 17) जनाना ढीला पाजामा, 18) संख्या, 19) औसत, 21) एक कटुफल *(सागसब्जी)*, 23) भूतबाधा; रोग; संकट.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 1) क्रांतिविस्फोट; बग़ावत; बलवा, 4) वैमनस्य, 6) वृक्ष की छाल, 7) ईन्धन, 9) किराया, 11) विवाहकांक्षी; नौशा; दूल्हा, 12) कारनामा; जादू, 14) अंग सिकोड़ना; शर्माना, 16) जंबुक; एक पशु, 17) वास्तव में, 18) एक जगप्रसिद्ध स्मारक, 20) झूठमूठ का, 22) तर्कसंगत; वैध, 24) सुरीला, 25) अचिकित्स्य; जीर्ण *(रोग)*.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | ट | प | टा | ■ | आ | रं | भ | ■ | द |
| ■ | ■ | ह | ल | च | ल | ■ | ग | ठि | या |
| मि | सा | ल | ■ | ल | य | ■ | द | ■ | वा |
| ती | र | ■ | आ | ना | ■ | अ | ड़ | च | न |
| ■ | स | मा | ज | ■ | को | ड़ा | ■ | म | ■ |
| श | ■ | स | मा | चा | र | ■ | अ | चा | हा |
| नि | ष्ठा | ■ | इ | ■ | स | ह | ना | ■ | था |
| वा | ■ | के | श | व | ■ | ल | ड़ी | ■ | पा |
| र | ई | स | ■ | य | हू | दी | ■ | क | ई |

## सुडोकू-पहेली-2904

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 1 | | | 5 |
| | 8 | | | | | | 7 | |
| | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | 1 |
| | 2 | | 8 | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 2 | | | | 4 | |
| 6 | | | | | | 8 | | |
| | | 1 | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2903 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 8 | 3 | 5 | 4 | 7 |
| 1 | 5 | 8 | 4 | 7 | 6 | 2 | 3 | 9 |

## जनता के समस्याओं का कैसे होगा निस्तारण!

# विधानसभा के साल भर सत्र के दौरान सैकड़ों विधायक बने रहे मूकदर्शक

## विधानसभा में विधायकों की चुप्पी पर संसदीय कार्यमंत्री ने जताई चिंता

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा विधायकों के लिए अपने क्षेत्र की समस्या, कमियों समेत जन सरोकार से जुड़े मुद्दे उठाने का स्थान होता है। हालांकि, अफसोस की बात है कि सैकड़ों ऐसे विधायक हैं जो पूरे साल के विधानसभा सत्र में मूक दर्शक बने रहते हैं। विधायकों के इस तरह के प्रदर्शन से संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चटर्जी भी चिंतित हैं। इसलिए शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन सदन में उन्होंने व्यवहारिक तौर पर इसे लेकर अपनी चिंता जताई। बता दें कि राज्य विधानसभा जनवरी से दिसंबर तक बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र सहित 40 दिनों तक चलती है। प्रश्न और उत्तर काल, संदर्भ काल, शून्यकाल, प्रस्ताव, लंबित प्रस्ताव, विधेयक - विधायकों को इन सत्रों में प्रश्न पूछने या चर्चा में भाग लेने का अवसर मिलता है। महत्वपूर्ण होते हुए भी यह सच है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों में ही कई विधायकों को इस महत्वपूर्ण समय का उपयोग करने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई। इसलिए वे मूक दर्शक हैं सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिलाकर भी ये संख्या कम नहीं है। संसदीय कार्य मंत्री ने लगभग 70 विधायकों का उल्लेख किया है, लेकिन कुल मिलाकर देखा जाए तो सत्तापक्ष और विपक्ष को मिला दें तो यह संख्या सौ से अधिक है।

विधानसभा के इस समय का उपयोग करना क्यों महत्वपूर्ण है, इस बारे में बोलते हुए, तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने कहा कि विधानसभा विधायकों के निर्वाचन क्षेत्र की समस्या, मांग और दावी उजागर करने का स्थान है। एक विधायक को न केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोगों की सेवा करनी होती है , बल्कि उस निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं, लोगों की जरूरतों को भी उठाना होता है। इसीलिए विधायकों का सक्रिय रहना



महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैंने यह लंबे अनुभव से सीखा है और जो नए हैं, उन्हें भी बार-बार विधानसभा सत्र का उपयोग करने के लिए कहा जाता है। यहां तक कि एक विधायक की समग्र सफलता या विफलता को उसके विधानसभा प्रदर्शन को जोड़कर मापा जाता है। इसलिए ममता बनर्जी हर बार विधायकों से विधानसभा का अधिक से अधिक उपयोग करने को कहती हैं।

**❑ विधायकों ने नहीं उठाए कोई मुद्दे**

विधायकों की इस तरह की निष्क्रियता को तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व अच्छी तरह से नहीं लेते है। पार्टी द्वारा उनकी भूमिका की समीक्षा की जा रही है। विधानसभा का सही इस्तेमाल करने वाले विधायकों की संख्या लगभग मुट्ठी भर है। ऐसे में सिर्फ एक-दो बार ही मुद्दा उठाने वाले विधायकों की संख्या लगभग सौ है और जो लोग पूरी तरह से चुप थे, उन विधायकों की सूची में पूर्व मंत्रियों के नाम भी शामिल हैं। ऐसे विधायकों में सावित्री मित्रा, अब्दुल करीम चौधरी, ग्यासुद्दीन मोल्ला, तपन दासगुप्ता जैसे नाम शामिल हैं। चिरंजीत, कंचन मल्लिक, रुकबान-उर रहमान, आशीष मार्जीत, शंपा धारा और अन्य विधायक हैं।भाजपा विधायक विधानसभा में एक भी दिन बोलते नहीं दिखे उनमें पवन सिंह, नीरज तमांग जिंबा, बरेन चंद्र बर्मन, गोपाल साहा आदि शामिल है। इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव ने कहा कि हमने पहले ही देखा है कि विधानसभा सत्र में कुछ विधायकों का प्रदर्शन बहुत अच्छा है। कई अन्य हैं जो सत्र कक्ष में बोलते हुए नहीं दिख रहे हैं। मैं उन लोगों से बात कर रहा हूं जो चुप हैं। अगले वर्ष जब विधानसभा सत्र होगा तो वे इसे सक्रिय कर सकेंगे। हालांकि, जो विधायक विधानसभा में सत्ता और विपक्ष की ओर सक्रिय भूमिका निभाते दिखे हैं, उनमें समीर जाना, मोहम्मद अली, नौशाद सिद्दीकी, अपूर्बा सरकार, अंबिका राय, विश्वनाथ कारक, सुकांत पाल, मोशर्रफ हुसैन जरूर शामिल हैं। अग्निमित्रा पाल भी। उनकी सक्रियता की तारीफ सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से, जो लोग इस वर्ष निष्क्रिय रहे उनके पास इस वर्ष तो कोई मौका नहीं है। लेकिन अब अगले साल फरवरी में बजट सत्र आयोजित होगा समें अवसर मिलेंगे

## आरजीकर दुष्कर्म और हत्या मामले में पीड़िता परिवार की अधिवक्ता बृंदा ग्रोवर ने कानूनी जिम्मेदारी छोड़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज की एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले में पीड़िता के परिवार की ओर से कानूनी लड़ाई लड़ रही वरिष्ठ अधिवक्ता बृंदा ग्रोवर ने बुधवार को इस मामले से खुद को अलग कर लिया। बृंदा के दफ्तर ने देर शाम एक बयान जारी कर इस निर्णय के पीछे की वजहों को स्पष्ट किया है। बृंदा ने कहा कि कुछ विशिष्ट कारणों और परिस्थितियों के चलते मुझे यह कदम उठाना पड़ा। पिछले तीन महीने से हम नियमित रूप से कानूनी सहायता प्रदान कर रहे थे और सीबीआई के साथ भी सहयोग किया है। बृंदा ने बताया कि उन्होंने इस निर्णय के बारे में निचली अदालत को सूचित कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि सियालदह



अदालत में आरजीकर के दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई जारी है और अब तक 51 गवाहों में से 43 के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि सीबीआई अगले सप्ताह तक चार्जशीट दाखिल करेगी और यदि कोई और संदिग्ध है तो सीबीआई उसे भी पकड़ने की कोशिश करेगी।

बृंदा के दफ्तर ने यह भी बताया कि बृंदा ने पिछले तीन महीनों में बिना किसी शुल्क के इस मामले में कानूनी सहायता प्रदान की थी। बृंदा खुद सियालदह अदालत में पिछले दिन उपस्थित हुई थीं, उसके बाद उनके दफ्तर के अधिवक्ता अदालत में नियमित रूप से उपस्थित रहते थे। हालांकि, बृंदा ने इस मामले से अपनी जिम्मेदारी छोड़ने के बाद यह स्पष्ट किया कि वह और उनका दफ्तर हमेशा पीड़िता के परिवार के लिए कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार रहेगा, लेकिन अब वे इस मामले से बाहर हो गए हैं। बता दें कि बृंदा ने सितंबर में इस मामले में हस्तक्षेप किया था और इससे पहले इस मामले में विकास भट्टाचार्य ने पीड़िता के परिवार की ओर से कानूनी लड़ाई लड़ी थी।

## मुख्यमंत्री ममता ने हावड़ा में शैलेन मन्ना के नाम पर सड़क का किया उद्घाटन

**हावड़ा, समाज्ञा :** दीघा से लौटने के बाद ही गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हावड़ा के डुमुरजला हेलीपैड से पैदल चलकर हावड़ा में शैलेन मन्ना सारणी का शुभ उद्घाटन किया। इस दौरान, उन्होंने अपने फेसबुक पर लिखा कि विकास का दूसरा नाम मां, माटी और जनता की सरकार है। आज मैंने आम लोगों की सुविधा के लिए हावड़ा में शैलेन मन्ना सारणी का शुभ उद्घाटन किया। साथ ही, आदरणीय शैलेन मन्ना के चित्र पर माल्यार्पण किया। आने वाले दिनों में यह सड़क सुफल बांग्ला, विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल, बच्चों के खेलने की जगह और विभिन्न सौंदर्यीकरण से ओतप्रोत होगी। पश्चिम बंगाल सरकार हमेशा लोगों के कल्याण के लिए समर्पित है। उक्त कार्यक्रम के बाद से हावड़ा



के ड्रेनेज कैनाल रोड का नाम बदलकर महान फुटबॉलर शैलेन मन्ना के नाम पर हो गया है। बता दें कि इस दिन, दोपहर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दीघा दौरे के बाद हेलीकॉप्टर से डुमुरजला लौटी। इसके बाद, उन्होंने नये सड़क की शिलालेख का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि उनकी इच्छा बहुत ही कम समय में पूरी हो गयी। इस कार्यक्रम में राज्य के दो मंत्री अरूप रॉय और मनोज तिवारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी पी दीपप प्रिया, विधायक गौतम चौधरी, हावड़ा नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारी वहां मौजूद थे।

| 287798 | MAGMA115913 | MAGMA115925 | 130702 | 310000167438 | 310000167438 |
| 287798 | MAGMA115927 | MAGMA116000 | 130702 | 310000167441 | 310000167441 |
| 287798 | MAGMA116008 | MAGMA116025 | 133730 | 310000167470 | 310000167470 |
| 287798 | MAGMA116034 | MAGMA116035 | 133730 | 310000167474 | 310000167474 |
| 287798 | MAGMA116038 | MAGMA116042 | 133731 | 310000167481 | 310000167481 |
| 287798 | MAGMA116046 | MAGMA116075 | 133732 | 310000167502 | 310000167502 |
| 287798 | MAGMA116090 | MAGMA116100 | 141391 | 310000167603 | 310000167603 |
| 287798 | MAGMA116106 | MAGMA116107 | 141392 | 310000167632 | 310000167632 |
| 287798 | MAGMA116159 | MAGMA116175 | 141394 | 310000167654 | 310000167654 |
| 287798 | MAGMA116182 | MAGMA116200 | 141395 | 310000167684 | 310000167684 |
| 287798 | MAGMA116205 | MAGMA116225 | 141395 | 310000167686 | 310000167686 |
| 287798 | MAGMA116251 | MAGMA116350 | 141396 | 310000167707 | 310000167707 |
| 287798 | MAGMA116377 | MAGMA116378 | 141397 | 310000167738 | 310000167738 |
| 287798 | MAGMA116382 | MAGMA116450 | 150515 | 310000167753 | 310000167753 |

# बिधाननगर नगर निगम के मेयर से लोग नाखुश, नागरिक सेवा देने में विफलता का लगाया आरोप

## ✒ मेयर व डिप्टी मेयर के बदलने के कयास

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधान-नगर नगर निगम के मेयर, डिप्टी मेयर की कुर्सी बदलने की अटकलें तेज है। नगर निगम प्रशासन नगर सेवाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रहा। तो क्या बिधाननगर के मेयर और डिप्टी मेयर को हटाया जा सकता है? ऐसी संभावना जमीनी स्तर के लोगों के मन में प्रबल है। गुरुवार को दोपहर करीब तीन बजे शहरीकरण विभाग में शहरी विकास विभाग के मंत्री फिरहाद हकीम के नेतृत्व में विधाननगर नगर निगम के 41 वार्डों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। गौरतलब है कि तृणमूल 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठनात्मक कमजोरियों को दुरुस्त करना चाहती है। बताया गया है कि नागरिक सेवाएं उच्चतम स्तर तक पहुंचे यह सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी जाएगी। विधाननगर पुर निगम के 41 वार्डों में से 40 वार्डों पर तृणमूल का कब्जा था, हालांकि लोकसभा चुनाव में ज्यादातर वार्डों में नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे।

बिधाननगर नगर निगम के चेयरमैन मेयर डिप्टी मेयर वार्ड में सत्तारूढ़ दल हार गया। इस तरह के नतीजों से इस बार सफाई अभियान में टीम की योग्यता क्यों आंकी जा रही है? विधाननगर नगर निगम के अधिकांश नागरिकों की शिकायत है कि नगर निगम प्रशासन नागरिक सेवाएं प्रदान करने में विफल रहा है। इलाके के एक कारोबारी ने कहा कि उन्हें ऐसी कोई सेवा नहीं मिलती। गंदगी वे खुद साफ करते हैं। सभी दुकानदार 10 रुपए एकत्रित कर एक व्यक्ति को देते हैं। तभी लोगों को इसे खुद साफ करना चाहिए।बिधान-नगर के एक बुजुर्ग व्यक्ति ने कहा कि सड़कें बहुत गंदी हैं। व्यवस्था अच्छी नहीं है। कोई परवाह नहीं है। बिधाननगर को अलग से खोजा जाना चाहिए। यहां कई वीआईपी रहते हैं। यह स्पष्ट हो तो बेहतर है। आए दिन गंदगी रहती है। पूरे कोलकाता का यही हाल है

ऋचा नाम की एक महिला निवासी ने कहा कि अवैध निर्माण चल रहा है। सड़क किनारे भी कब्जा किया जा रहा है। यह एक वास्तविक समस्या है।संजय वारा ने जताया गुस्सा। करुणामयी के निवासी ने कहा कि लंबे समय से बिधाननगर निगम के निवासियों को कोई भी



सेवा ठीक से नहीं मिली है। मेयर, डिप्टी मेयर बदल भी गए तो क्या होगा, इसकी उम्मीद नहीं है। काफी समय से कोई बोर्ड बैठक नहीं हुई है। परिणामस्वरूप, उन्हें समाधान नहीं दिख रहा है। सबसे पहले जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत है। बदलाव उनकी चीज़ है लेकिन सेवा नागरिकों द्वारा तय की जाती है। वोट लूटकर जीत गए। अब यह सब उन पर निर्भर है।

बोरो नंबर 6 के एक निवासी ने अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी सर्विस का 50 प्रतिशत मिल रहा है। घर के सामने पानी जमा होना एक बड़ी समस्या है।उनके मुताबिक कृष्णा चक्रवर्ती तुलनात्मक रूप से काफी ज्यादा सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि कृष्णा चक्रवर्ती का प्रयोग अच्छा है। कम अहंकार. लेकिन आप उसके बारे में क्या जानते हैं! चेयरमैन चले गए, फिर कार्यभार संभाला। जब मेयर चला जाए तो मेयर बनें। उसने कोशिश करी। पार्टी की स्थिति जो भी हो, आप बिधाननगर की सड़क देखेंगे, कृष्णा चक्रवर्ती के पास कोई लेना-देना नहीं है। पार्टी के पास कुछ नहीं है। कोई और कुछ नहीं कर सकता। वहां 40 तरह के लाइटहाउस होंगे, और कुछ नहीं।

संयोग से, 2026 के चुनाव से पहले यह तृणमूल के लिए एक बड़ी चुनौती है। बिधाननगर की सार्वजनिक सेवाओं का विकास। टीम उस मौके को चूकना नहीं चाहती इसलिए आज की बैठक बेहद अहम है।

# कटिहार एक्सप्रेस में तबला वादक की 'हत्या' के आरोपी सीरियल किलर को लाया गया हावड़ा

### ट्रेन में हत्या, दुष्कर्म औंर लूट जेंसे अपराधों को अंजाम देता था आरोपी

## ✒ आरोपी को हावड़ा कोर्ट में किया गया पेश



**हावड़ा, समाज्ञा :** ट्रेन में हत्या, दुष्कर्म और लूट जैसे अपराधों को लगातार अंजाम देने के आरोपित राहुल राठी को बुधवार की रात पुलिस गुजरात से हावड़ा ले आई। सूत्रों के अनुसार, अपराधियों से पूछताछ के लिए बनाई गई रेलवे पुलिस और राज्य खुफिया पुलिस के अधिकारियों की टीम ने उससे रात भर पूछताछ की है। हावड़ा रेलवे पुलिस की अधीक्षक पुष्पा ने कहा कि हालांकि, मामला स्पष्ट है, साक्ष्य के लिए अपराधी को हिरासत में ले लिया गया है। तबला वादक सौमित्र चटर्जी की गत 19 नवंबर की रात कटिहार एक्सप्रेस दिव्यांग डिब्बे में हत्या कर दी गयी थी। राहुल को एक अन्य हत्या और दुष्कर्म के मामले में गुजरात की वलसाड पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद, आरोपित ने एक महीने में पांच हत्याएं और दुष्कर्म का जुर्म कबूल कर लिया था। पांच हत्याओं में से तीन महिलाएं और दो पुरुष थे जिनमें कटिहार एक्सप्रेस का तबला वादक भी था। हत्या के बाद राहुल अजीमगंज चला गया था। इसके बाद, वह मालदह गया और वापस हावड़ा आ गया। जिसके चलते रेलवे पुलिस ने उस जगह पर भी घटना के पुनर्निर्माण करने की योजना बनाई है। राहुल ने पांच साल में स्कूल छोड़ दिया। फिर, बिना घर भी छोड़ दिया। कभी-कभी गाड़ी चलाता था और साइकिल चोरी करता था। इसके अलावा, पैर की समस्याओं के कारण ट्रेनों के दिव्यांग डिब्बों में उसने भारत के कई क्षेत्रों में घूमा था। उसने पुलिस के सामने स्वीकार किया कि अगर वह किसी महिला को दिव्यांग डिब्बे में अकेला पाता तो उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या करके उसका सब कुछ लूट लेता था। हावड़ा रेलवे पुलिस के अधीक्षक ने बताया कि उन्हें बुधवार की शाम हवाई मार्ग से कोलकाता लाया गया।



| Book No. | From | To | Book No. | From | To | Book No. | From | To | Book No. | From | To |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 150518 | 310000167848 | 310000167848 | 390188 | 310000265218 | 310000265218 | 287798 | MAGMA111695 | MAGMA111695 | 287798 | MAGMA115496 | MAGMA115496 |
| 133729 | 310000168384 | 310000168384 | 390188 | 310000265221 | 310000265221 | 287798 | MAGMA111793 | MAGMA111793 | 287798 | MAGMA115556 | MAGMA115556 |
| 133729 | 310000168391 | 310000168391 | 417069 | 310000273128 | 310000273128 | 287798 | MAGMA111933 | MAGMA111933 | 287798 | MAGMA115605 | MAGMA115605 |
| 141453 | 310000168436 | 310000168436 | 417069 | 310000273130 | 310000273130 | 287798 | MAGMA112515 | MAGMA112515 | 287798 | MAGMA115617 | MAGMA115617 |
| 141455 | 310000168487 | 310000168487 | 417069 | 310000273140 | 310000273140 | 287798 | MAGMA112569 | MAGMA112569 | 287798 | MAGMA115619 | MAGMA115619 |
| 141455 | 310000168497 | 310000168497 | 417070 | 310000273155 | 310000273155 | 287798 | MAGMA112706 | MAGMA112706 | 287798 | MAGMA115625 | MAGMA115625 |
| 150513 | 310000168515 | 310000168515 | 417071 | 310000273187 | 310000273187 | 287798 | MAGMA112712 | MAGMA112712 | 287798 | MAGMA115629 | MAGMA115629 |
| 154670 | 310000168555 | 310000168555 | 417071 | 310000273190 | 310000273190 | 287798 | MAGMA112717 | MAGMA112717 | 287798 | MAGMA115633 | MAGMA115633 |
| 154670 | 310000168565 | 310000168565 | 417071 | 310000273192 | 310000273192 | 287798 | MAGMA112761 | MAGMA112761 | 287798 | MAGMA115745 | MAGMA115745 |
| 160143 | 310000168607 | 310000168607 | 417071 | 310000273197 | 310000273197 | 287798 | MAGMA112771 | MAGMA112771 | 287798 | MAGMA115753 | MAGMA115753 |
| 160145 | 310000168664 | 310000168664 | 420270 | 310000273212 | 310000273212 | 287798 | MAGMA112791 | MAGMA112791 | 287798 | MAGMA115755 | MAGMA115755 |
| 160146 | 310000168676 | 310000168676 | 443725 | 310000273688 | 310000273688 | 287798 | MAGMA112832 | MAGMA112832 | 287798 | MAGMA115786 | MAGMA115786 |
| 160146 | 310000168691 | 310000168691 | 453603 | 310000280982 | 310000280982 | 287798 | MAGMA112844 | MAGMA112844 | 287798 | MAGMA115815 | MAGMA115815 |
| 160146 | 310000168695 | 310000168695 | 465343 | 310000281004 | 310000281004 | 287798 | MAGMA112848 | MAGMA112848 | 287798 | MAGMA115857 | MAGMA115857 |
| 160146 | 310000168697 | 310000168697 | 465343 | 310000281011 | 310000281011 | 287798 | MAGMA112920 | MAGMA112920 | 287798 | MAGMA115863 | MAGMA115863 |
| 165757 | 310000168746 | 310000168746 | 483263 | 310000289582 | 310000289582 | 287798 | MAGMA113031 | MAGMA113031 | 287798 | MAGMA116044 | MAGMA116044 |
| 165758 | 310000168766 | 310000168766 | 483264 | 310000289604 | 310000289604 | 287798 | MAGMA113034 | MAGMA113034 | 287798 | MAGMA116081 | MAGMA116081 |
| 165759 | 310000168785 | 310000168785 | 483264 | 310000289609 | 310000289609 | 287798 | MAGMA113259 | MAGMA113259 | 287798 | MAGMA116086 | MAGMA116086 |
| 165760 | 310000168817 | 310000168817 | 491450 | 310000296426 | 310000296426 | 287798 | MAGMA113320 | MAGMA113320 | 287798 | MAGMA116118 | MAGMA116118 |
| 185923 | 310000168840 | 310000168840 | 491450 | 310000296428 | 310000296428 | 287798 | MAGMA113462 | MAGMA113462 | 287798 | MAGMA116203 | MAGMA116203 |
| 185935 | 310000181501 | 310000181501 | 491450 | 310000296437 | 310000296437 | 287798 | MAGMA113482 | MAGMA113482 | 287798 | MAGMA116359 | MAGMA116359 |
| 185935 | 310000181514 | 310000181514 | 491450 | 310000296444 | 310000296444 | 287798 | MAGMA113620 | MAGMA113620 | 287798 | MAGMA116364 | MAGMA116364 |
| 185935 | 310000181521 | 310000181521 | 502609 | 310000300960 | 310000300960 | 287798 | MAGMA113623 | MAGMA113623 | 287798 | MAGMA116374 | MAGMA116374 |
| 185936 | 310000181526 | 310000181526 | 502609 | 310000300962 | 310000300962 | 287798 | MAGMA113670 | MAGMA113670 | 287798 | MAGMA116478 | MAGMA116478 |
| 185936 | 310000181530 | 310000181530 | 502609 | 310000300974 | 310000300974 | 287798 | MAGMA113672 | MAGMA113672 | 287798 | MAGMA116530 | MAGMA116530 |
| 185937 | 310000181552 | 310000181552 | 510782 | 310000301021 | 310000301021 | 287798 | MAGMA113717 | MAGMA113717 | 287798 | MAGMA116755 | MAGMA116755 |
| 185937 | 310000181567 | 310000181567 | 528418 | 310000306797 | 310000306797 | 287798 | MAGMA113754 | MAGMA113754 | 287798 | MAGMA116775 | MAGMA116775 |
| 185938 | 310000181582 | 310000181582 | 528419 | 310000306825 | 310000306825 | 287798 | MAGMA113773 | MAGMA113773 | 287798 | MAGMA116777 | MAGMA116777 |
| 185939 | 310000181601 | 310000181601 | 569037 | 310000319739 | 310000319739 | 287798 | MAGMA113784 | MAGMA113784 | 287798 | MAGMA116888 | MAGMA116888 |
| 185939 | 310000181603 | 310000181603 | 569038 | 310000319753 | 310000319753 | 287798 | MAGMA113786 | MAGMA113786 | 287798 | MAGMA116893 | MAGMA116893 |
| 185939 | 310000181607 | 310000181607 | 569038 | 310000319761 | 310000319761 | 287798 | MAGMA113788 | MAGMA113788 | 287798 | MAGMA116941 | MAGMA116941 |
| 185939 | 310000181621 | 310000181621 | 569038 | 310000319763 | 310000319763 | 287798 | MAGMA113791 | MAGMA113791 | 287798 | MAGMA116947 | MAGMA116947 |
| 185939 | 310000181624 | 310000181624 | 569038 | 310000319768 | 310000319768 | 287798 | MAGMA113956 | MAGMA113956 | 287798 | MAGMA116950 | MAGMA116950 |
| 211819 | 310000181680 | 310000181680 | 604779 | 310000319910 | 310000319910 | 287798 | MAGMA114010 | MAGMA114010 | 302036 | MAGMA117327 | MAGMA117327 |
| 211819 | 310000181683 | 310000181683 | 604779 | 310000319912 | 310000319912 | 287798 | MAGMA114014 | MAGMA114014 | 302036 | MAGMA117329 | MAGMA117329 |
| 211821 | 310000181729 | 310000181729 | 608766 | 310000332773 | 310000332773 | 287798 | MAGMA114023 | MAGMA114023 | 302036 | MAGMA117331 | MAGMA117331 |
| 211821 | 310000181734 | 310000181734 | 608767 | 310000332777 | 310000332777 | 287798 | MAGMA114027 | MAGMA114027 | 302036 | MAGMA117470 | MAGMA117470 |
| 211821 | 310000181743 | 310000181743 | 617321 | 310000332817 | 310000332817 | 287798 | MAGMA114030 | MAGMA114030 | 329219 | magma117539 | magma117539 |
| 211822 | 310000181755 | 310000181755 | 617322 | 310000332827 | 310000332827 | 287798 | MAGMA114039 | MAGMA114039 | 329219 | magma117550 | magma117550 |
| 211823 | 310000181798 | 310000181798 | 626277 | 310000332851 | 310000332851 | 287798 | MAGMA114041 | MAGMA114041 | 329220 | magma117555 | magma117555 |
| 211823 | 310000181800 | 310000181800 | 626277 | 310000332860 | 310000332860 | 287798 | MAGMA114054 | MAGMA114054 | 329221 | magma117579 | magma117579 |
| 250332 | 310000181829 | 310000181829 | 626277 | 310000332870 | 310000332870 | 287798 | MAGMA114070 | MAGMA114070 | 329221 | magma117583 | magma117583 |
| 250332 | 310000181834 | 310000181834 | 775155 | 310000340201 | 310000340201 | 287798 | MAGMA114152 | MAGMA114152 | 329221 | magma117585 | magma117585 |
| 250332 | 310000181841 | 310000181841 | 775155 | 310000340206 | 310000340206 | 287798 | MAGMA114154 | MAGMA114154 | 329221 | magma117589 | magma117589 |
| 250332 | 310000181846 | 310000181846 | 775155 | 310000340211 | 310000340211 | 287798 | MAGMA114213 | MAGMA114213 | 329235 | magma117687 | magma117687 |
| 250333 | 310000181857 | 310000181857 | 775155 | 310000340218 | 310000340218 | 287798 | MAGMA114233 | MAGMA114233 | 329235 | magma117696 | magma117696 |
| 250333 | 310000181859 | 310000181859 | 775155 | 310000340221 | 310000340221 | 287798 | MAGMA114255 | MAGMA114255 | 329236 | magma117718 | magma117718 |
| 250333 | 310000181865 | 310000181865 | 775055 | 310000340227 | 310000340227 | 287798 | MAGMA114323 | MAGMA114323 | 329236 | magma117720 | magma117720 |
| 250334 | 310000181879 | 310000181879 | 878289 | 310000340297 | 310000340297 | 287798 | MAGMA114338 | MAGMA114338 | 329238 | magma117755 | magma117755 |
| 250335 | 310000181922 | 310000181922 | 894191 | 310000340301 | 310000340301 | 287798 | MAGMA114420 | MAGMA114420 | 329238 | magma117763 | magma117763 |
| 250336 | 310000181944 | 310000181944 | 894191 | 310000340303 | 310000340303 | 287798 | MAGMA114434 | MAGMA114434 | 329238 | magma117770 | magma117770 |
| 250337 | 310000181953 | 310000181953 | 894191 | 310000340306 | 310000340306 | 287798 | MAGMA114437 | MAGMA114437 | 356711 | MAGMA118076 | MAGMA118076 |
| 250337 | 310000181965 | 310000181965 | 823769 | 310000340789 | 310000340789 | 287798 | MAGMA114485 | MAGMA114485 | 356717 | MAGMA118232 | MAGMA118232 |
| 250337 | 310000181973 | 310000181973 | 827004 | 310000340833 | 310000340833 | 287798 | MAGMA114489 | MAGMA114489 | 356718 | MAGMA118270 | MAGMA118270 |
| 274939 | 310000209527 | 310000209527 | 838985 | 310000340877 | 310000340877 | 287798 | MAGMA114495 | MAGMA114495 | 372109 | MAGMA118381 | MAGMA118381 |
| 274939 | 310000209540 | 310000209540 | 899270 | 310000340946 | 310000340946 | 287798 | MAGMA114559 | MAGMA114559 | 406927 | MAGMA118835 | MAGMA118835 |
| 274940 | 310000209570 | 310000209570 | 899273 | 310000340949 | 310000340949 | 287798 | MAGMA114561 | MAGMA114561 | 406927 | MAGMA118850 | MAGMA118850 |
| 274941 | 310000209600 | 310000209600 | 912150 | 310000340980 | 310000340980 | 287798 | MAGMA114570 | MAGMA114570 | 406929 | MAGMA118855 | MAGMA118855 |
| 274942 | 310000209603 | 310000209603 | 915070 | 310000341002 | 310000341002 | 287798 | MAGMA114573 | MAGMA114573 | 406936 | MAGMA119035 | MAGMA119035 |
| 274944 | 310000209654 | 310000209654 | 924431 | 310000341050 | 310000341050 | 287798 | MAGMA114623 | MAGMA114623 | 406939 | MAGMA119101 | MAGMA119101 |
| 274944 | 310000209665 | 310000209665 | 926284 | 310000341053 | 310000341053 | 287798 | MAGMA114626 | MAGMA114626 | 406939 | MAGMA119105 | MAGMA119105 |
| 274946 | 310000209683 | 310000209683 | 946604 | 310000341098 | 310000341098 | 287798 | MAGMA114636 | MAGMA114636 | 423637 | MAGMA119227 | MAGMA119227 |
| 274950 | 310000209786 | 310000209786 | 949592 | 310000341105 | 310000341105 | 287798 | MAGMA114657 | MAGMA114657 | 423637 | MAGMA119229 | MAGMA119229 |
| 274950 | 310000209789 | 310000209789 | 958393 | 310000341137 | 310000341137 | 287798 | MAGMA114663 | MAGMA114663 | 423644 | MAGMA119356 | MAGMA119356 |
| 274950 | 310000209793 | 310000209793 | 797584 | 310000341228 | 310000341228 | 287798 | MAGMA114665 | MAGMA114665 | 423647 | MAGMA119436 | MAGMA119436 |
| 305577 | 310000209804 | 310000209804 | 1002118 | 310000341267 | 310000341267 | 287798 | MAGMA114671 | MAGMA114671 | 423647 | MAGMA119439 | MAGMA119439 |
| 305577 | 310000209818 | 310000209818 | 1019821 | 310000341304 | 310000341304 | 287798 | MAGMA114692 | MAGMA114692 | 423647 | MAGMA119444 | MAGMA119444 |
| 305577 | 310000209820 | 310000209820 | 1019821 | 310000341310 | 310000341310 | 287798 | MAGMA114727 | MAGMA114727 | 423648 | MAGMA119456 | MAGMA119456 |
| 305580 | 310000209889 | 310000209889 | 1019821 | 310000341316 | 310000341316 | 287798 | MAGMA114729 | MAGMA114729 | 423652 | MAGMA119561 | MAGMA119561 |
| 305581 | 310000209906 | 310000209906 | 1010513 | 310000341347 | 310000341347 | 287798 | MAGMA114735 | MAGMA114735 | 484975 | MAGMA119593 | MAGMA119593 |
| 305581 | 310000209918 | 310000209918 | 1010853 | 310000341352 | 310000341352 | 287798 | MAGMA114741 | MAGMA114741 | 484978 | MAGMA119656 | MAGMA119656 |
| 305582 | 310000209935 | 310000209935 | 1026053 | 310000341414 | 310000341414 | 287798 | MAGMA114743 | MAGMA114743 | 484978 | MAGMA119673 | MAGMA119673 |
| 308164 | 310000228033 | 310000228033 | 1035590 | 310000341530 | 310000341530 | 287798 | MAGMA114745 | MAGMA114745 | 484979 | MAGMA119678 | MAGMA119678 |
| 308172 | 310000228097 | 310000228097 | 1049343 | 310000341558 | 310000341558 | 287798 | MAGMA114747 | MAGMA114747 | 484979 | MAGMA119700 | MAGMA119700 |
| 308173 | 310000228101 | 310000228101 | 1049344 | 310000341560 | 310000341560 | 287798 | MAGMA114814 | MAGMA114814 | 292467 | MAGMA12 | MAGMA12 |
| 308173 | 310000228108 | 310000228108 | 1050174 | 310000341567 | 310000341567 | 287798 | MAGMA114834 | MAGMA114834 | 484991 | MAGMA120000 | MAGMA120000 |
| 308173 | 310000228115 | 310000228115 | 1051033 | 310000341574 | 310000341574 | 287798 | MAGMA114840 | MAGMA114840 | 485035 | MAGMA120084 | MAGMA120084 |
| 310777 | 310000228159 | 310000228159 | 1051034 | 310000341580 | 310000341580 | 287798 | MAGMA114851 | MAGMA114851 | 485035 | MAGMA120091 | MAGMA120091 |
| 310777 | 310000228167 | 310000228167 | 631364 | 310000343762 | 310000343762 | 287798 | MAGMA114853 | MAGMA114853 | 617323 | MAGMA120727 | MAGMA120727 |
| 310775 | 310000228333 | 310000228333 | 631365 | 310000343800 | 310000343800 | 287798 | MAGMA114858 | MAGMA114858 | 636525 | MAGMA121206 | MAGMA121206 |
| 315337 | 310000228415 | 310000228415 | 631366 | 310000343805 | 310000343805 | 287798 | MAGMA114861 | MAGMA114861 | 292467 | MAGMA2 | MAGMA2 |
| 315380 | 310000228446 | 310000228446 | 790705 | 310000373429 | 310000373429 | 287798 | MAGMA114931 | MAGMA114931 | 292467 | MAGMA3 | MAGMA3 |
| 338542 | 310000234643 | 310000234643 | 790705 | 310000373432 | 310000373432 | 287798 | MAGMA114933 | MAGMA114933 | 292467 | MAGMA30 | MAGMA30 |
| 338543 | 310000234655 | 310000234655 | 790705 | 310000373438 | 310000373438 | 287798 | MAGMA114941 | MAGMA114941 | 629338 | MAGMA339396 | MAGMA339396 |
| 338543 | 310000234662 | 310000234662 | 790705 | 310000373443 | 310000373443 | 287798 | MAGMA114948 | MAGMA114948 | 629338 | MAGMA339399 | MAGMA339399 |
| 338543 | 310000234666 | 310000234666 | 795800 | 310000373482 | 310000373482 | 287798 | MAGMA114954 | MAGMA114954 | 629339 | MAGMA339409 | MAGMA339409 |
| 342714 | 310000246534 | 310000246534 | 795800 | 310000373551 | 310000373551 | 287798 | MAGMA114956 | MAGMA114956 | 629339 | MAGMA339417 | MAGMA339417 |
| 342714 | 310000246540 | 310000246540 | 829813 | 310000398286 | 310000398286 | 287798 | MAGMA114967 | MAGMA114967 | 629339 | MAGMA339419 | MAGMA339419 |
| 342715 | 310000246561 | 310000246561 | 942446 | 310000426779 | 310000426779 | 287798 | MAGMA114969 | MAGMA114969 | 629339 | MAGMA339425 | MAGMA339425 |
| 342715 | 310000246570 | 310000246570 | 942446 | 310000426793 | 310000426793 | 287798 | MAGMA115036 | MAGMA115036 | 629340 | MAGMA339430 | MAGMA339430 |
| 342716 | 310000246576 | 310000246576 | 299153 | B117251 | B117251 | 287798 | MAGMA115046 | MAGMA115046 | 629340 | MAGMA339440 | MAGMA339440 |
| 342716 | 310000246583 | 310000246583 | 299153 | B117256 | B117256 | 287798 | MAGMA115060 | MAGMA115060 | 629341 | MAGMA339460 | MAGMA339460 |
| 342716 | 310000246598 | 310000246598 | 299153 | B117265 | B117265 | 287798 | MAGMA115081 | MAGMA115081 | 629341 | MAGMA339471 | MAGMA339471 |
| 342719 | 310000246652 | 310000246652 | 287909 | DAMMY106573 | DAMMY106573 | 287798 | MAGMA115084 | MAGMA115084 | 292467 | MAGMA34 | MAGMA34 |
| 342722 | 310000246728 | 310000246728 | 292467 | MAGMA1 | MAGMA1 | 287798 | MAGMA115092 | MAGMA115092 | 629362 | MAGMA340000 | MAGMA340000 |
| 369573 | 310000246751 | 310000246751 | 292467 | MAGMA10 | MAGMA10 | 287798 | MAGMA115166 | MAGMA115166 | 292467 | MAGMA35 | MAGMA35 |
| 369573 | 310000246754 | 310000246754 | 292467 | MAGMA100 | MAGMA100 | 287798 | MAGMA115180 | MAGMA115180 | 701331 | MAGMA3552 | MAGMA3552 |
| 369573 | 310000246756 | 310000246756 | 287798 | MAGMA100005 | MAGMA100005 | 287798 | MAGMA115184 | MAGMA115184 | 292467 | MAGMA4 | MAGMA4 |
| 369573 | 310000246771 | 310000246771 | 287798 | MAGMA100049 | MAGMA100049 | 287798 | MAGMA115186 | MAGMA115186 | 292467 | MAGMA49 | MAGMA49 |
| 369574 | 310000246800 | 310000246800 | 287798 | MAGMA100075 | MAGMA100075 | 287798 | MAGMA115207 | MAGMA115207 | 292467 | MAGMA5 | MAGMA5 |
| 369575 | 310000246805 | 310000246805 | 287798 | MAGMA100105 | MAGMA100105 | 287798 | MAGMA115251 | MAGMA115251 | 292467 | MAGMA6 | MAGMA6 |
| 369575 | 310000246809 | 310000246809 | 287798 | MAGMA105618 | MAGMA105618 | 287798 | MAGMA115253 | MAGMA115253 | 292467 | MAGMA7 | MAGMA7 |
| 369575 | 310000246816 | 310000246816 | 287798 | MAGMA107847 | MAGMA107847 | 287798 | MAGMA115332 | MAGMA115332 | 292467 | MAGMA8 | MAGMA8 |
| 369579 | 310000246921 | 310000246921 | 287798 | MAGMA108235 | MAGMA108235 | 287798 | MAGMA115337 | MAGMA115337 | 292467 | MAGMA9 | MAGMA9 |
| 369580 | 310000246942 | 310000246942 | 287798 | MAGMA108616 | MAGMA108616 | 287798 | MAGMA115345 | MAGMA115345 | 731666 | MAHINDRA340082 | MAHINDRA340082 |
| 369580 | 310000246946 | 310000246946 | 287798 | MAGMA108621 | MAGMA108621 | 287798 | MAGMA115351 | MAGMA115351 | 731666 | MAHINDRA340087 | MAHINDRA340087 |
| 390185 | 310000265127 | 310000265127 | 287798 | MAGMA109317 | MAGMA109317 | 287798 | MAGMA115363 | MAGMA115363 | 753548 | MAHINDRA340185 | MAHINDRA340185 |
| 390185 | 310000265135 | 310000265135 | 287798 | MAGMA109319 | MAGMA109319 | 287798 | MAGMA115365 | MAGMA115365 | 753548 | MAHINDRA340188 | MAHINDRA340188 |
| 390186 | 310000265172 | 310000265172 | 292467 | MAGMA11 | MAGMA11 | 287798 | MAGMA115394 | MAGMA115394 | 753548 | MAHINDRA340195 | MAHINDRA340195 |
| 390187 | 310000265189 | 310000265189 | 287798 | MAGMA110863 | MAGMA110863 | 287798 | MAGMA115400 | MAGMA115400 | 1096591 | MISC341611 | MISC341611 |
| 390188 | 310000265205 | 310000265205 | 287798 | MAGMA110866 | MAGMA110866 | 287798 | MAGMA115410 | MAGMA115410 | 406937 | MOTOR119066 | MOTOR119066 |
| 390188 | 310000265216 | 310000265216 | 287798 | MAGMA111687 | MAGMA111687 | 287798 | MAGMA115478 | MAGMA115478 | | | |

The cover note books/leaves, if found by anyone, may be deposited to our office at The Oriental Insurance Co. Ltd., Business Office - 5 Kolkata. It is further informed that the above mentioned cover notes are CANCELLED and misuse of the same is illegal for which the company will not be liable under any circumstances.

Aloke Samaiyar
Chief Business Manager
The Oriental Insurance Co. Ltd.

# बांग्लादेश में अशांति और मंदी से कोलकाता में प्रकाशन व्यवसाय प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में जारी सामाजिक अशांति और आर्थिक मंदी का असर कोलकाता के पुस्तक प्रकाशन उद्योग पर साफ दिखाई दे रहा है। दोनों देशों के बांग्ला लेखकों की किताबों की बिक्री और खरीदारी करने वाले पाठकों की संख्या में गिरावट आई है। कोलकाता इंटरनेशनल बुक फेयर में बांग्लादेशी पुस्तकों का पवेलियन न होने और हाल के दिनों में लगभग 40 प्रतिशत 'फ्लोटिंग' पाठकों की कमी ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है। कोलकाता के कॉलेज स्ट्रीट स्थित पुस्तक विक्रेताओं का कहना है कि निर्यात और आयात पर कोई खास असर नहीं पड़ा है, और नियमित पाठकों की संख्या में भी कमी नहीं आई है। लेकिन, बांग्लादेशी लेखकों की पुस्तकों की



बिक्री में गिरावट ने पब्लिशर्स को चिंता में डाल दिया है। पब्लिशर्स एंड बुकसेलर्स गिल्ड के एक अधिकारी ने बताया कि जुलाई से बांग्लादेश से किताबों के आयात और निर्यात में 20 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि, उन्होंने इसे हालिया हिंसक घटनाओं से अधिक मंदी के कारण माना। नाया उद्योग के मालिक पार्थ शंकर बसु ने कहा कि मंदी का यह प्रभाव अस्थायी है और उम्मीद है कि जल्द ही हालात सुधरेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मंदी के कारण पायरेसी बढ़ सकती है। दोनों देशों में ग्रे मार्केट सक्रिय है, जहां कम कीमत पर बांग्लादेशी और भारतीय लेखकों की पायरेटेड किताबें आसानी से मिल रही हैं। यह अस्थायी समस्या मानी जा रही है, लेकिन पाठकों और प्रकाशकों को उम्मीद है कि साहित्य के प्रति प्रेम इस स्थिति को बदल देगा। आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों और अगरतला में होने वाले पुस्तक मेलों के जरिए स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा रही है।

## बांग्लादेश में उथल-पुथल से कोलकाता के अस्पतालों में मरीजों की संख्या घटी

बांग्लादेश के मौजूदा राजनीतिक संकट ने वहां से कोलकाता के अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या पर गंभीर असर डाला है और उसकी प्राथमिक वजह वीजा जारी करने में देरी एवं लोगों के मन डर का भाव है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पीयरलेस अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पीयरलेस अस्पताल में बांग्लादेश से आने वाले मरीजों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई है और इसका असर बाह्य एवं आंतरिक (विभागों के) दोनों तरह के मरीजों की संख्या पर पड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि वुडलैंड्स मल्टीस्पेशलिएटी अस्पताल, डेसून अस्पताल और मनीपाल अस्पताल जैसे अन्य अस्पतालों में भी बांग्लादेश के मरीजों में कमी आयी है। पीयरलेस अस्पताल के प्रबंध निदेशक रवींद्र पाई ने कहा कि बांग्लादेश से आने वाले मरीजों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिसका असर बाह्य रोगी और अंतः रोगी विभाग दोनों पर पड़ा है। यह गिरावट करीब 90 प्रतिशत है। पाई ने कहा कि बांग्लादेश का वर्तमान राजनीतिक उथल-पुथल और वीजा जारी करने में कमी इसके प्राथमिक कारण हैं। निर्धारित सर्जरी के भविष्य बारे में उन्होंने कहा कि अब, वीजा में देरी होने के कारण सर्जरी निर्धारण का प्रश्न ही नहीं है। यदि मरीज आने लगते हैं तो हम सर्जरी करने के लिए तैयार हैं। वुडलैंड्स मल्टीस्पेशलिएटी अस्पताल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूपक बरुआ ने कहा कि पिछले चार महीनों में बांग्लादेश से आने वाले मरीजों में भारी कमी आयी है।

## तटरक्षक बल ने 78 बांग्लादेशी मछुआरों को किया गिरफ्तार, दो ट्रालर जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर जारी हिंसा के बीच भारतीय तटरक्षक बल ने भारतीय जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 78 बांग्लादेशी मछुआरों को गिरफ्तार किया और दो बांग्लादेशी ट्रालरों को जब्त किया है। इसकी जानकारी गुरुवार को दी गई है। भारतीय तटरक्षक बल के जहाज अमोघ ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आइएमबीएल) के पास गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियां देखीं। इसके बाद तटरक्षक बल ने तत्काल आपरेशन चलाया और बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाले ट्रालरों –एफवी लैला–2 और एफवी मेघना–5 – को रोका। ये दोनों ट्रालर बांग्लादेश में पंजीकृत थे और इनमें क्रमशः 41 और 37 लोग सवार थे। इन ट्रालरों जांच के बाद भारतीय तटरक्षक बल ने इन्हें अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए भारतीय समुद्री क्षेत्र में घुसने का दोषी पाया और मामले को भारतीय समुद्री क्षेत्र अधिनियम, 1981 के तहत दर्ज किया। भारतीय तटरक्षक बल ने दोनों ट्रालरों को पारादीप ले जाकर जांच शुरू की, और इसके बाद मछुआरों को राज्य पुलिस या केंद्रीय एजेंसियों को सौंपने का निर्णय लिया। बाद में, यह संभावना जताई जा रही है कि इन मछुआरों को बांग्लादेश के हवाले किया जाएगा। इससे कुछ दिन पहले बांग्लादेश ने भी भारतीय मछुआरे पकड़ लिए थे।

## हावड़ा पुलिस ने 615 लीटर शराब किए जब्त, दो गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर थानांतर्गत इलाके में पुलिस ने गुरुवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए 615 लीटर शराब जब्त किए। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम स्वपन अधिकारी (43) और बासुदेव लोहार (34) है। स्वपन हुगली और बासुदेव हावड़ा का रहने वाला है। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को हावड़ा पीसी के जासूस विभाग ने सरस्वती पुल पर छापेमारी की और एक गाड़ी को रोका। इस गाड़ी की तलाशी लेने पर पुलिस को 41 बोरियां मिली। जब बोरियों को खोला गया तो 615 लीटर आईडी शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी और शराब को जब्त करते हुए चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया।

# दी कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन









**कोलकाता, समाज्ञा**

दी कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को अपने वार्षिक प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी का विषय भारत की असीम एकता को दर्शाना था। अत: भारतीय अखंडता को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का विषय 'भारतीय राज्य' दिया गया। इस उत्साहपूर्वक प्रदर्शनी का आयोजन प्रवीण पोपट (मुख्य अध्यक्ष केंद्र समिति) और जय कामदार (मुख्य सचिव), चंद्रेश मेधाणी (सह सचिव), परिमल अजमेरा (सह सचिव) ने किया था। कार्यक्रम का उद्घाटन परिमल अजमेरा , चंद्रेश मेधाणी और गीतांजलि ठक्कर (पूर्व प्राथमिक और प्राथमिक विभाग अध्यक्ष), परेश दफ्तरी (विद्यालय प्रबंधक समिति), जीमी सैनी (प्रधानाचार्या), जयदीप मुखर्जी (प्रमुख विभाग अध्यक्ष माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक), भागवती चौधरी (मुख्य अध्यक्ष प्राथमिक विभाग), सोनल जगानी (पूर्व प्राथमिक विभाग), प्रीति पॉल (पूर्व प्राथमिक मुख्य अध्यक्ष), अनिता राय (मुख्य अध्यक्ष कंप्यूटर विभाग) अतिरिक्त गण्यमान्य अतिथि उपस्थित हुए। इस अवसर पर सुशील पोद्दार, दिनेश जैन, विनोद संचेती, विकास बजाज, दीपक गठानी, मयूर सेठ, शांतनु वर्मा ने भावी पीढ़ी को प्रोत्साहित करते हुए अपने बहुमूल्य विचारों को साझा किया। प्रदर्शनी द्वारा भारत के सात राज्यों की असीम संस्कृति को दर्शाया गया। इस मौके पर माध्यामिक स्तर के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं गणित तर्क एवं तथ्यों के साथ प्रयोगों को प्रस्तुत किया गया। इस कार्य में सभी शिक्षक एवं शिक्षिका पूरा सहयोग रहा। संस्था के सह सचिव चंद्रेश मेधाणी ने अतिथि एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

# यात्रियों के लिए उपनगरीय ट्रेनों से यात्रा करना है स्मार्ट विकल्प

### उपनगरीय ट्रेनें लाखों दैनिक यात्रियों के लिए है जीवन रेखा




**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह और हावड़ा के हलचल भरे प्लेटफार्म शहरवासियों के जिंदगी का अभिन्न अंग बन गया है। स्कूली बच्चे हो या कोई कर्मचारी सभी अलग-अलग गंतव्यों के लिए जल्दी, कुशलतापूर्वक और किफायती तरीका चुनते हुए उपनगरीय ट्रेनों पर भरोसा करते हैं। कोलकाता के बीच, जहां घड़ी की टिक-टिक कभी रुकती नहीं है, उपनगरीय ट्रेनें लाखों दैनिक यात्रियों के लिए जीवन रेखा के रूप में काम करती हैं। दैनिक यात्रियों के लिए, सड़क परिवहन की लागत एक निरंतर चिंता का विषय है। सियालदह से सोदपुर तक एक सामान्य टैक्सी की सवारी, जो लगभग 16 किमी की दूरी है। यातायात की स्थिति के आधार पर इस दूरी का किराया 300-600 रुपये होगा, जो ट्रेन में सिर्फ 5 रुपये है। इसी तरह, बस की सवारी का खर्च लगभग उसी यात्रा के लिए 50-80 रुपये होगी। वहीं, दूसरी ओर एक उपनगरीय ट्रेन कीमत के एक अंश के लिए इस मार्ग की पेशकश करती है, जिससे यह दैनिक यात्रा पर पैसे बचाने की चाहत रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक आकर्षक विकल्प बन जाता है। यहां तक कि अपेक्षाकृत छोटी यात्रा, जैसे हावड़ा से सेउराफुली (22 किमी) तक, जिसकी लागत लगभग बस से 40-50 रुपये होगी, ट्रेन से मात्र 10रुपये में पूरा किया जा सकता है।

**❑ किफायती किरायों के बावजूद बिना टिकट यात्रा बनी एक लगातार समस्या**

अनेक लाभों और किफायती किरायों के बावजूद, उपनगरीय ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा एक लगातार समस्या बनी हुई है, और आंकड़े चिंताजनक रूप से ऊंचे हैं। नवंबर 2024 में, कुल 1,772 जांचें की गईं, जिसके परिणामस्वरूप आश्चर्यजनक रूप से 125,476 मामले पकड़े गए और दंडित किया गया। दिसंबर 2024 से लेकर 10 दिसंबर तक के आंकड़े भी उतने ही चिंताजनक हैं, जिसमें केवल 603 जांचों में 41,399 मामले सामने आए। उल्लंघनों का पता लगाने और उचित यात्रा टिकट खरीदने का संदेश फैलाने के लिए पूर्व रेलवे के सर्वांगीण प्रयास का एक प्रमाण है।

## सेंट थॉमस चर्च स्कूल, हावड़ा में शूटिंग रेंज की स्थापना से बच्चें उत्साहित



**हावड़ा, समाज्ञा :** सेंट थॉमस चर्च स्कूल हावड़ा ने बच्चों के अंदर खेल प्रतिभा में निखार लाने के उद्देश्य से स्कूल प्रांगण में शूटिंग रेंज की स्थापना की। बिशप परितोष कैनिंग और प्रिंसिपल फिलिप क्रिस्टोफर डेनियल ने स्कूल में शूटिंग रेंज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, सेकेट्री राघव नायक से भी इस कार्य के लिए काफी प्रोत्साहन मिला। ओलम्पिक स्तर का प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर, स्कूल ने यह संकेत दिया है कि वह अपने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना चाहता है। रेंज के निर्माण कार्य के साथ-साथ स्कूल ने इस संबंध में एक वर्कशॉप भी आयोजित करवाया जिसमें 500 से भी अधिक विद्यार्थियों ने अपनी रुचि दिखाई। छात्रों को उच्च स्तर प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से प्रमुख कोच विनय तिवारी, प्रशिक्षक केशव तिवारी और तृणा सी तिवारी को जिम्मेदारी दी गई। विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने वाली यह टीम दूसरे अन्य संस्थानों जैसे महर्षि दाधीच शूटिंग अकादमी, ला मार्टस, बड़ाबाजार युवक सभा, बेलियाघाटा युवा सभा राइफल क्लब में युवा और बच्चों को प्रशिक्षित कर रही है। कोच विनय तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी महत्व देना, संतुलित विकास के लिए आवश्यक है।

## इस बदलते मौसम में कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ बनाइये अपनी इम्युनिटी को मजबूत

**कोलकाता, समाज्ञा :** मौसम में बदलाव के साथ इम्युनिटी अक्सर कमजोर हो जाती है और इसे मजबूत करने के लिए प्राकृतिक तरीके अपनाना जरूरी हो जाता है। न्यूट्रीशनिस्ट ऋतिका समद्दर आपके रोजाना के रूटीन में पोषक-तत्वों से भरपूर चीजें शामिल करने की सलाह दे रही हैं, ताकि आपकी इम्युनिटी असरदार तरीके से बढ़ सके। ऐसा ही एक सुपरफूड है कैलिफोर्निया आमंड्स, जिनमें 15 जरूरी पोषक-तत्व होते हैं। बादाम के कई तरह से उपयोग किया जा सकता है और इसे खाकर पेट भरे होने का अहसास होता है। यह किसी भी व्यंजन, स्नैक या आहार में आसानी से मिल जाती हैं और पोषण का पावरहाउस बन जाती हैं। कैलिफोर्निया आमंड्स में प्रोटीन, फाइबर और हेल्थी फैट्स जैसे पोषक-तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो उन्हें रोजाना के संतुलित आहार में शामिल करने के लिए बेहतरीन बनाते हैं। फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) बादाम को प्राकृतिक रूप से इम्युनिटी बढ़ाने के लिये डाइट में आवश्यक रूप से शामिल करने पर जोर देती है।

## पूर्व रेलवे ने 56वीं अखिल भारतीय रेलवे क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक किया हासिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के खिलाड़ियों विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार हासिल करते हैं। अपनी उत्कृष्टता जारी रखते हुए पूर्व रेलवे की टीम ने हाल ही में मुंबई में आयोजित 56वीं अखिल भारतीय रेलवे क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व रेलवे टीम ने 15 रेड स्नूकर टीम चैंपियनशिप, 6 रेड स्नूकर टीम चैंपियनशिप और 9 बॉल पूल टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया। पूर्व रेलवे के प्रतिष्ठित प्रतिभागी मोहम्मद शोएब खान, मनदीप सिंह और रोहित मल्होत्रा थे। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने पूर्व रेलवे टीम के सदस्यों को बधाई दी है और उन्हें आने वाले दिनों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया है और उनसे पूर्व रेलवे की खेल परंपरा को बनाए रखने का आग्रह किया है।

## अदाणी विल्मर के फॉर्च्यून ने विंडोज प्रोडक्शन के साथ साझेदारी कर मनाया 25 वर्ष पूरे होने का जश्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रमुख खाद्य ब्रांड फॉर्च्यून फूड्स ने एक प्रतिष्ठित बंगाली फिल्म प्रोडक्शन हाउस विंडोज प्रोडक्शन के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी के साथ एक नई यात्रा शुरू करके अपने 25 साल के सफर का गर्व से जश्न मनाया। यह पांच साल की साझेदारी फॉर्च्यून फूड्स को विंडोज के प्रतिष्ठित सिनेमाई उपक्रमों के साथ जोड़ती है, जो संस्कृति और कहानियां कहने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। एलिक सुख, बेला शेष, प्रकटन, हामी और रक्तबीज जैसे सिनेमाई रत्नों के लिए मशहूर विंडोज प्रोडक्शन ने खुद को बंगाली सिनेमा में एक अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित किया है, जो आकर्षक कहानी और सांस्कृतिक प्रतिध्वनि प्रदान करने वाली परियोजनाओं के साथ है। इस सहयोग का उद्देश्य प्रभावशाली कहानियां और नई पहल के माध्यम से बंगाली संस्कृति, विरासत और साझा मूल्यों को उजागर करना है।

## स्विच मोबिलिटी ने दो नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक सिटी बसों-ईआईवी12 और ई1 किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** अशोक लीलैंड की सहायक कंपनी और हिंदुजा समूह का हिस्सा, स्विच मोबिलिटी लिमिटेड, जो इलेक्ट्रिक बसों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों का एक प्रमुख निर्माता है ने भारतीय बाजार के लिए अपने समकालीन इलेक्ट्रिक बस प्लेटफॉर्म स्विच ईआईवी12-लो फ्लोर इलेक्ट्रिक सिटी बस का अनावरण किया। यह चेसिस-माउंटेड बैटरी वाली भारत की पहली लो-फ्लोर सिटी बस है, जिसमें 400+ केडबल्यूएच से अधिक की स्केलेबल बैटरी क्षमता है। इस वाहन को भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा हिंदुजा ग्रुप कंपनीज (भारत) के अध्यक्ष अशोक पी. हिंदुजा, अन्य गणमान्य व्यक्तियों और उद्योग के नेताओं की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। इस अवसर पर, यूरोपीय बाजार के लिए डिजाइन की गई स्विच ई1 को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई गई। इन दोनों बसों में समान डिजाइन दर्शन और ईवी आर्किटेक्चर है। उद्देश्य से निर्मित स्विच ईआईवी12 प्लेटफॉर्म को शहरी शहर के आवागमन के लिए स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है, जो प्रदर्शन, सुरक्षा, विश्वसनीयता और आराम में वैश्विक मानक प्रदान करता है। 39 यात्रियों तक की सीटिंग के साथ, स्विच ईआईवी12 अपने सेगमेंट में अग्रणी है, जो ऑपरेटरों के लिए अधिकतम राजस्व क्षमता प्रदान करता है।

## इंडिया का नया युग: ग्राहकों, भागीदारों और संगठन के लिए जीवन बीमा की एक नई बोल्ड एप्रोच

**कोलकाता, समाज्ञा :** अवीवा लाइफ इंश्योरेंस इंडिया ग्राहकों की सेहत, पारदर्शिता और बीमा की सुलभता को ध्यान में रखते हुए मजबूती के साथ जीवन बीमा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लेकर आ रहा है। भविष्य की सोच के साथ, अवीवा ने ऐसे इनोवेटिव प्रोडक्ट और पहल की शुरुआत की है। अवीवा की यह पहल बीमा के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित कर रही है। कंपनी के ये प्रोडक्ट इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के इंश्योरेंस फॉर ऑल मिशन को ध्यान में रखकर पेश किए गए हैं। अवीवा की इस एप्रोच में कंपनी का पूरा फोकस ग्राहकों के संपूर्ण स्वास्थ्य पर है। अवीवा इंडिया के सीईओ और एमडी श्री असित रथ ने कहा, एक लाइफ इंश्योरेंस प्रोवाइडर के रूप में, हमारा मानना है कि सच्ची सुरक्षा वित्तीय सुरक्षा से कहीं अधिक व्यापक होती है; यह हमारे ग्राहकों को सेहतमंद जिंदगी जीने के लिए उन्हें मजबूती प्रदान करता है।

## मदन मोहन हलदर चैलेंज शील्ड की वापसी के साथ फुटबॉल का बुखार बीरभूम पर चढ़ा

**बीरभूम :** बीरभूम में सबसे अधिक प्रतीक्षित खेल आयोजनों में से एक, मदन मोहन हलदर चैलेंज शील्ड फुटबॉल टूर्नामेंट एक और रोमांचक संस्करण के साथ वापस आ गया है। 1990 में अहमदपुर प्लेयर्स एसोसिएशन द्वारा स्थापित यह टूर्नामेंट इस क्षेत्र में सबसे प्रसिद्ध आयोजनों में से एक बन गया है, जो पूरे पश्चिम बंगाल से टीमों को आकर्षित करता है। समावेशिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, यह आयोजन एक अखिल महिला चैरिटी फुटबॉल मैच को भी उजागर करेगा, जो पूरे पश्चिम बंगाल में महिला फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए अहमदपुर प्लेयर्स एसोसिएशन के समर्पण को प्रदर्शित करेगा। मदन मोहन हलदर चैलेंज शील्ड में मुर्शिदाबाद, दुर्गापुर, बीरभूम और कोलकाता सहित जिलों की आठ टीमें भाग लेंगी, जो तीन दिनों तक नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह टूर्नामेंट 17-20 वर्ष की आयु के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करता है, जो फिटनेस और खेल के प्रति जुनून दोनों को बढ़ावा देता है। इस टूर्नामेंट में स्थानीय गणमान्य लोग शामिल होते हैं, जिनमें संसद सदस्य, विधान सभा सदस्य और सुब्रत भट्टाचार्य और भास्कर गांगुली जैसे जाने-माने भारतीय फुटबॉल दिग्गज शामिल हैं, जो खिलाड़ियों को अपना समर्थन दिखाने के लिए आते हैं। इस वर्ष, सुजोन पांडेय, बी.डी.ओ., सैंथिया ब्लॉक, बीरभूम, महादेव दत्ता, पूर्व खिलाड़ी और सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशांत साधु, सभापति, सैंथिया पंचायत समिति, सोमनाथ साधु, पूर्व सभापति, सैंथिया पंचायत समिति, राजेंद्र नाथ चंद्र, यू.पी.ओ.-प्रधान, अहमदपुर जी.पी. उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे और उन्होंने स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों और युवा क्लबों को प्रोत्साहित किया, जिससे क्षेत्र में उत्साह और गर्व की भावना बढ़ी।

# गंगासागर मेले की तैयारियां शुरु, कटान रोकने के लिए बन रहे समुद्र में अस्थायी तटबंध

**कोलकाता, समाज्ञा :** मकर संक्रांति पर गंगासागर मेले की तैयारियां शुरू हो गई । समुद्र में टूटे हुए किनारे की अस्थायी तौर पर मरम्मत की जा रही है। राज्य सिंचाई विभाग और दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने यह काम शुरू कर दिया है। जनवरी में होने वाले गंगासागर मेले में लाखों तीर्थयात्री गंगासागर में आके है। लेकिन चिंता समुद्री तटों का कटाव है। उस कटान से निपटना अब सिंचाई विभाग के लिए बड़ी चुनौती है। पिछले कई महीनों से समुद्र तट पर भारी टूट-फूट हो रही है। समुद्र के पानी में भी कंक्रीट टूट जाता है। कपिल मुनि के आश्रम के चारों ओर कोटल समुद्र का जल बह रहा है। उफनते समुद्र ने कई बड़े कंक्रीट ब्लॉकों को भी बहा दिया है। यहां बड़े-बड़े क्षेत्रों में बड़ी-बड़ी टूटी



चट्टानें पड़ी हुई हैं। अब उन सभी हिस्सों पर काम शुरू हो गया है।

इस बार कटाव के कारण दो नंबर स्नान घाट की स्थिति काफी खराब है। इस बार वहां नहाने की इजाजत नहीं होगी। खबर है कि इसकी सूचना प्रशासन को भी हो सकती है. ऐसे में स्नान क्षेत्र संख्या एक और स्नान क्षेत्र संख्या तीन से पांच तक अस्थायी पुल का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। वह काम अगले कुछ दिनों में पूरा करने का लक्ष्य है।

इलाके के विधायक और सुंदरवन विकास मंत्री बंकिम हाजरा का कहना है कि इसका ज्यादातर काम अगले 20 दिनों के अंदर हो जाएगा। सिंचाई विभाग और अन्य एजेंसियां तेजी से काम कर रही हैं। लेकिन उस मिट्टी को लाने में थोड़ी दिक्कत होती है मंत्री ने यह भी कहा कि सागर मेले में आने वाले तीर्थयात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी उपाय किये जा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को गंगासागर मेला की तैयारी को लेकर करेंगी समीक्षा बैठक**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में मंगलवार को गंगासागर मेला की तैयारी की समीक्षा के लिए एक बैठक की जाएगी। इस बैठक में राज्य के शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम, बिजली मंत्री अरुण विश्वास, परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती, सिंचाई मंत्री मानस भूंइया, सुंदरवन विकास विभाग के मंत्री बंकिम चंद्र हाजरा, दक्षिण 24 परगना जिले के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, कपिल मुनि आश्रम के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

# शनिवार से ग्रीन लाइन-दो पर हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड स्टेशनों के बीच संशोधित मेट्रो सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** एस्प्लेनेड और सियालदह स्टेशनों के बीच चल रहे निर्माण कार्य के कारण, ग्रीन लाइन -दो पर सेवाओं को शनिवार से संशोधित किया जा रहा है। उस दिन से कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केएमआर-सीएल) द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की सुविधा के लिए सोमवार से शनिवार तक 150 सेवाओं के बजाय 114 सेवाएं चलाई जाएंगी। ग्रीन लाइन-दो की पूर्व की ओर जाने वाली सुरंग में, हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड स्टेशनों के बीच सेवाओं में बदलाव नहीं किया जाएगा। पीक आवर्स के दौरान यानी 09.00 बजे से 11.00 बजे और 17.00 बजे से 20.00 बजे तक सेवाएं 20 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होंगी। गैर-पीक घंटों के दौरान पूर्व की ओर



जाने वाली सुरंग में 24 मिनट के अंतराल पर सेवाएं उपलब्ध होंगी। पश्चिम की ओर जाने वाली सुरंग में, पीक आवर्स के दौरान सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। हावड़ा मैदान और महाकरन के बीच 20 मिनट के अंतराल पर 09.00 बजे से 11.00 बजे और 17.00 बजे से 20.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। गैर-पीक घंटों के दौरान इस पश्चिम की ओर जाने वाली सुरंग में कोई सेवा नहीं चलेगी। इस दिन, प्रथम सेवा हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक पूर्व की ओर जाने वाली लाइन पर 06:55 बजे और एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक पूर्व की ओर जाने वाली लाइन पर 07:12 बजे तक चलेगी। हावड़ा मैदान से महाकरन तक पश्चिम की ओर जाने वाली लाइन पर 09:08 बजे और महाकरन से हावड़ा मैदान तक पश्चिम की ओर जाने वाली लाइन पर 09:20 बजे तक चलेगी। वहीं, अंतिम सेवा हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक पूर्व की ओर जाने वाली लाइन पर 21:46 बजे और एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक पूर्व की ओर जाने वाली लाइन पर 21:58 बजे तक चलेगी।हावड़ा मैदान से महाकरन तक पश्चिम की ओर जाने वाली लाइन पर 19:58 बजे और महाकरन से हावड़ा मैदान तक पश्चिम की ओर जाने वाली लाइन पर 20:08 बजे तक चलेगी। ग्रीन लाइन-2 पर रविवार की सेवाएं अपरिवर्तित रहेंगी।

# पूर्व रेलवे ने 19 जोड़ी लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में बढ़ाए स्लीपर एवं एसी कोच

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में स्लीपर कोच और एसी कोच को बढ़ाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य यात्रियों के समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है। इसके तहत, पूर्व रेलवे ने अस्थायी आधार पर 19 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में वातानुकूलित/स्लीपर क्लास कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है। 12319/12320 कोलकाता-ग्वालियर-कोलकाता सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12357/12358 कोलकाता-अमृतसर-कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस, 13135/13136 कोलकाता-जयनगर-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस, 12329/12330 सियालदह-आनंद विहार-सियालदह संपर्क कांति एक्सप्रेस, 12379/12380 सियालदह-अमृतसर-सियालदह जलियांवाला बाघ एक्सप्रेस, 12335/12336 भागलपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-भागलपुर एक्सप्रेस, 22311/22312 गोड्डा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोड्डा एक्सप्रेस, 12343/12344 सियालदह-हल्दीबाड़ी-सियालदह दार्जिलिंग मेल, 12361/12362 आसनसोल-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-आसनसोल मुंबई सीएसएमटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12376/12375 जसीडीह-तांबरम-जसीडीह साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12377/12378 सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस, 13149/13150 सियालदह-अलीपुरद्वार-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस, 13151/13152 कोलकाता-जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त शयनयान द्वितीय श्रेणी कोच जोड़ा जाएगा। 12325/12326 कोलकाता-नांगल डैम-कोलकाता गुरुमुखी एक्सप्रेस और 13137/13138 कोलकाता-आजमगढ़-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस के साथ दो एसी 3 टियर कोच जोड़े जाएंगे। इसके अलावा, 13147/13148 सियालदह-बामनहाट-सियालदह उत्तरबंगा एक्सप्रेस, 13167/13168 कोलकाता-आगरा कैंट-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस, 13181/13182 कोलकाता-सिलघाट टाउन-कोलकाता काजीरंगा एक्सप्रेस ट्रेनों में दो स्लीपर क्लास कोच जोड़े जाएंगे। वहीं, 13189/13190 सियालदह-बालुरघाट-सियालदह एक्सप्रेस में एक शयनयान श्रेणी कोच और एक वातानुकूलित कोच जोड़ा जाएगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### नवी मुंबई, नोएडा में नए हवाई अड्डों के लिए सीआईएसएफ जवानों के 2,800 से अधिक पदों को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने नोएडा और महाराष्ट्र के नवी मुंबई में जल्द ही चालू होने वाले दो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों की सुरक्षा के लिए 2,800 से अधिक सीआईएसएफ कर्मियों की संयुक्त संख्या को मंजूरी दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गृह मंत्रालय (एमएचए) ने नवी मुंबई हवाई अड्डे के लिए 1,840 पद और उत्तर प्रदेश में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) के लिए 1,030 पद स्वीकृत किए हैं। सीआईएसएफ गृह मंत्रालय के अधीन काम करता है। सीआईएसएफ जवानों के पदों की यह मंजूरी दोनों हवाई अड्डों के परिचालन के पहले चरण के लिए है। सूत्रों ने बताया कि इन हवाई अड्डों का दूसरा चरण पूरा होने के बाद सुरक्षाबलों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी।

### माओवादियों को मदद मुहैया कराने का मामला: छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा में एनआईए के छापे

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने माओवादियों को मदद मुहैया कराने के मामले में बृहस्पतिवार को तीन राज्यों में छापेमारी की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने कहा कि एनआईए की टीम ने छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में तलाशी के दौरान कई डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। एनआईए ने यह छापेमारी उस मामले के सात आरोपियों से जुड़े ठिकानों पर की जिसे मूलरूप से दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद आंध्र प्रदेश के चिंतूरु पुलिस ने दर्ज किया था। केंद्रीय एजेंसी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार दोनों के पास से विस्फोटक, आपत्तिजनक साहित्य और नकदी बरामद हुई थी। एनआईए ने सितंबर 2024 में जांच का जिम्मा अपने हाथों में ले लिया था और पाया कि प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के भूमिगत कैडर को विस्फोटक सामग्री और रसद सहायता मुहैया करने में एक बड़ा नेटवर्क शामिल है।

### कांग्रेस ने व्हिप जारी कर अपने लोकसभा सदस्यों से 13 व14 दिसंबर को उपस्थित रहने को कहा

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने लोकसभा में संविधान पर प्रस्तावित चर्चा के मद्देनजर बृहस्पतिवार को सदन के अपने सदस्यों को व्हिप जारी कर कहा कि वे सदन में दोनों दिन उपस्थित रहें। लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने व्हिप जारी कर कहा कि 13 और 14 दिसंबर को सदन में बहुत महत्व-पूर्ण मुद्दे पर चर्चा होनी है तथा सभी सदस्यों से आग्रह है कि वे दोनों दिन सुबह 11 बजे से कार्यवाही स्थगित होने तक सदन में मौजूद रहें। लोकसभा में 13 व 14 दिसंबर और राज्यसभा में 16 व 17 दिसंबर को संविधान पर चर्चा के लिए सरकार ने सहमति जताई है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी दलों ने संविधान सभा द्वारा संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर दोनों सदनों में चर्चा की मांग की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच इस पर सहमति बनने के बाद संसद का गतिरोध टूटा था।

# आयुर्वेद में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को मजबूत करने की क्षमता: मोदी



**देहरादून :** दसवां विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो बृहस्पतिवार को यहां शुरू हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा कि प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को मजबूत करने की क्षमता है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में पढ़े गए एक संदेश में मोदी ने आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता भी दो-हराई। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आयुर्वेद में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को मजबूत करने की क्षमता है क्योंकि यह विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए व्यापक उपचार प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है और रोकथाम, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर एकसमान बल देता है।'' मोदी ने विश्वास जताया कि यह चार दिवसीय सम्मेलन वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद को बढ़ावा देने की गति को तेज करेगा। उन्होंने प्रतिनिधियों से इस उद्देश्य के लिए एक नयी रूपरेखा लेकर आने को कहा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संदेश को उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पढ़ा। कार्यक्रम में 350 विदेशियों समेत 5,500 से ज्यादा प्रतिनिध हिस्सा ले रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार देश की 'प्रथम योग नीति' लागू करने की दिशा में कार्य कर रही है जो आयुर्वेद और योग को व्यापक स्तर पर साथ लाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्रांति लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उत्तराखंड को आयुर्वेद और औषधीय संपदा की प्रज्ञा भूमि बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में आयुष आधारित 300 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का संचालन हो रहा है जबकि ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से 70 से अधिक विशेषज्ञों द्वारा आयुष परामर्श दिया जा रहा है।

### चुनाव के बाद महिलाओं को वित्तीय सहायता 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये की जाएगी: केजरीवाल

**नयी दिल्ली :** विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार की ओर से मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की और चुनाव के बाद मासिक सहायता राशि 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का वादा किया। केजरीवाल ने साथ ही यह स्पष्ट किया कि चुनावों की घो-षणा जल्द ही होने की संभावना है, जिसके कारण मतदान के बाद ही लाभार्थियों के खातों में धनराशि जमा की जा सकेगी। इस बीच, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि यदि आदर्श आचार संहिता 13 जनवरी के बाद लागू होती है, तो पात्र महिलाओं के बैंक खातों में चुनाव से पहले पहली किस्त हस्तांतरित कर दी जाएगी।

## आईएएस में 1,300 से अधिक और आईपीएस में 586 पद रिक्त : केंद्र ने राज्यसभा को बताया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के क्रमशः 1,316 और 586 पद रिक्त हैं। सिंह ने राज्यसभा को एक लिखित जवाब में बताया कि एक जनवरी, 2024 तक 6,858 आईएएस की कुल स्वीकृत संख्या में से 5,542 अधिकारी कार्यरत थे। कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि 5,055 की स्वीकृत संख्या के मुकाबले 4,469 आईपीएस अधिकारी कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि आईएएस के 1,316 रिक्त पदों में से 794 सीधी भर्ती के लिए और 522 पदोन्नति के पद हैं। मंत्री ने कहा कि आईपीएस के 586 रिक्त पदों में से 209 सीधी भर्ती के लिए और 377 पदोन्नति के पद हैं। सिंह ने कहा कि भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में 3,193 की स्वीकृत संख्या के मुकाबले 2,151 अधिकारी कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि 1,042 रिक्त आईएफएस पदों में से 503 सीधी भर्ती और 539 पदोन्नति के पद हैं। आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों का चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। मंत्री ने अपने विस्तृत उत्तर में पिछले पांच वर्षों के दौरान सामान्य, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आईएएस, आईपीएस और आईएफएस में की गई नियुक्तियों का विवरण भी साझा किया। वर्ष 2022 की सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) के दौरान आईएएस में सामान्य श्रेणी से 75, ओबीसी श्रेणी से 45, अनुसूचित जाति श्रेणी से 29 और अनुसूचित जनजाति श्रेणी से 13 नियुक्तियां की गईं। इसी तरह, इसी अवधि के दौरान आईपीएस में 83 सामान्य, 53 ओबीसी, 31 एससी और 13 एसटी नियुक्तियां की गईं। मंत्री द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, सीएसई 2024 के दौरान आईएफएस में कुल 43 सामान्य, 51 ओबीसी, 22 एससी और 11 एसटी नियुक्तियां की गईं।

## मां को बच्चे से न मिलने देना क्रूरता और उत्पीड़न के समान : अदालत

**मुंबई :** बम्बई उच्च न्यायालय ने माना है कि किसी बच्चे को उसकी मां से न मिलने देना भारतीय दंड संहिता के तहत 'क्रूरता' के बराबर है और जालना की रहने वाली एक महिला के ससुराल वालों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया। औरंगाबाद में न्यायाधीश न्यायमूर्ति विभा कंकनवाड़ी और न्यायमूर्ति रोहित जोशी की पीठ ने 11 दिसंबर के फैसले में कहा कि निचली अदालत के आदेश के बावजूद महिला की चार साल की बेटी को उससे दूर रखा जा रहा है। अदालत ने कहा, ''चार साल की छोटी बच्ची को उसकी मां से दूर रखना भी मानसिक उत्पीड़न के बराबर है, जो क्रूरता के समान है क्योंकि इससे निश्चित रूप से मां के मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचेगा।'' उच्च न्यायालय ने कहा कि ससुराल वालों का ऐसा व्यवहार भारतीय दंड संहिता की धारा 498-अ के तहत परिभाषित 'क्रूरता' के समान है। पीठ ने कहा, ''मानसिक उत्पीड़न दिन-प्रतिदिन आज तक जारी है। यह एक गलत काम है।'' इसमें कहा गया है कि यह प्राथमिकी रद्द नहीं की जाएगी क्योंकि यह अदालत के हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला नहीं है। महिला के ससुर, सास और ननद ने कथित क्रूरता, उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के लिए महाराष्ट्र के जालना जिले में उनके खिलाफ दर्ज 2022 की प्राथमिकी रद्द करने की मांग की थी।

## राज्यसभा में सभापति के खिलाफ नोटिस, सोरोस मुद्दे पर गतिरोध कायम : नहीं चल पायी बैठक

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने संबंधी नोटिस और अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस से कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के संबंधों के आरोपों के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। इस कारण हुए हंगामे की वजह से उच्च सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर 12 मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान सभापति ने कहा कि उन्हें नियम 267 के तहत विभिन्न मुद्दों पर तत्काल चर्चा कराने के लिए कुल छह नोटिस मिले हैं। उन्होंने सारे नोटिस खारिज कर दिये। इसके बाद विपक्षी सदस्यों और सभापति के बीच कुछ देर तकरार देखने को मिली। बाद में सभापति ने नेता सदन जे पी नड्डा को बोलने का अवसर दिया। इसे लेकर विपक्षी सदस्यों की ओर से हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के बीच नड्डा ने नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति के मुद्दे पर बुधवार को किए गए एक संवाददाता सम्मेलन का उल्लेख किया और कहा कि नियमों के हिसाब से आसन पर न तो सवाल उठाया जा सकता है और न ही इसकी आलोचना की जा सकती है। उन्होंने कहा, ''मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि कल विपक्ष के नेता खरगे जी... जो बहुत वरिष्ठ और तजुर्बेकार नेता हैं...ने एक संवाददाता सम्मेलन करके आसन की आलोचना की। यह बहुत ही आपत्तिजनक है। सभी को इसकी निंदा करनी चाहिए। यह गलत परंपरा को रास्ता दिखाता है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है।'' नड्डा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया है कि सदन में उन्हें अवसर नहीं दिया जाता है जबकि सभापति ने कई बार नेता प्रतिपक्ष को अपने कक्ष में बुलाया लेकिन वह नहीं आए। उन्होंने कहा कि यहां तक कई बार आसन की ओर से उन्हें पत्र भी लिखा गया।

## दिल्ली पुलिस ने अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ सत्यापन अभियान में 20 से अधिक लोगों की पहचान की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ अपने सत्यापन अभियान के दूसरे दिन 20 से अधिक लोगों की पहचान की। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये लोग पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में रह रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि विभिन्न पुलिस थानों की टीम झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों और दिल्ली के कालिंदी कुंज, शाहीन बाग एवं जामिया नगर में संदिग्ध बांग्लादेशी प्रवासियों के मतदाता पहचान-पत्र तथा आधार कार्ड की जांच कर रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल सचिवालय ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने तथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए दो महीने का विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हमारे घर-घर सत्यापन के तहत कई टीम संदिग्ध लोगों के आधार कार्ड नंबर, मतदाता पहचान पत्र नंबर जैसे डेटा एकत्र कर रही हैं। डेटा एकत्र करने के बाद एक रिकार्ड तैयार किया जाएगा जिसे उचित सत्यापन के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को भेजा जाएगा।'' अधिकारी ने कहा कि एफआरआरओ को डेटा भेजने के अलावा पुलिस व्यक्तिगत रूप से यह भी पता लगाएगी कि आधार कार्ड नकली है या असली और यह किस वर्ष में पंजीकृत है। पुलिस ने कहा कि कुछ निवासियों की पहचान संदिग्ध के तौर पर हुई है और उन्हें कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद निरुद्ध केंद्र (डिटेंशन सेंटर) में भेजे जाने की संभावना है। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब ये टीम व्यक्तिगत रूप से जाकर डेटा की जांच करने जाती हैं, तो वे उचित रिकॉर्ड रखने के लिए अपने मोबाइल फोन से पूरी बातचीत को रिकॉर्ड भी कर रही हैं।

## तृणमूल की सागरिका घोष ने रीजीजू के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन नोटिस



**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस की सागरिका घोष ने बृहस्पतिवार को उच्च सदन में विपक्षी नेताओं के विरूद्ध कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू के विरूद्ध विशेषाधिकार हनन नोटिस दिया। एक सूत्र ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस नोटिस पर 60 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। घोष ने संवाददाताओं से कहा, ''कल सदन में विपक्ष को संबोधित करते हुए श्री रीजीजू ने कहा कि आप सभी इस सदन में होने के योग्य नहीं हैं। संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयास करने की बजाय उन्होंने विपक्ष का बार बार अपमान किया।'' राज्यसभा में तृणमूल की उपनेता ने कहा, ''रीजीजू ने विपक्षी सदस्यों का अपमान किया तथा संसद के भीतर एवं बाहर व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं। वह जिस पद पर बैठे हैं, वहां ऐसा करना सर्वथा अनुचित है तथा पद का पूरी तरह से दुरूपयोग करने के समान है।''

## कल्याण बनर्जी ने सिंधिया पर टिप्पणी के लिए लिखित माफी मांगी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन को बताया कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर की गई विवादित टिप्पणी के लिए लिखित रूप से माफी मांगी है। बनर्जी ने बुधवार को सदन में भी माफी मांगी थी। बिरला ने बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर बुधवार के प्रकरण का उल्लेख किया और कहा कि यह सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं है। बिरला ने कहा, ''सदन में कल जो कुछ हुआ, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी सदस्य को महिलाओं पर केंद्रित टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। यह सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं है। सदस्यों से अनुरोध है कि उन्हें अपने भाषण में किसी जाति, समाज, महिला, पुरुष पर व्यक्तिगत टिप्पणियों से बचना चाहिए।'' लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यहां सहमति, असहमति और सकारात्मक रूप से व्यंग्य होते हैं, लेकिन ऐसी टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए जो सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं हो। उन्होंने सदन को बताया, ''सदस्य (बनर्जी) ने सदन में क्षमा मांग ली है और लिखित में मुझे भी दे दी है।'' लोकसभा में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसद बनर्जी की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर की गई टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के सदस्यों के शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार बाधित होने के बाद तीसरी बार दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी थी।

## ओडिशा: महिला से 'दुर्व्यवहार' के आरोप में आठ बांग्ला भाषी श्रमिकों को निर्वस्त्र कर घुमाया



**राउरकेला :** ओडिशा के सुंदरगढ़ कस्बे में एक महिला से 'दुर्व्यवहार' करने के आरोप में बृहस्पतिवार को स्थानीय लोगों ने आठ बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों को निर्वस्त्र कर और उनके हाथ बांधकर सड़क पर घुमाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सुबह साढ़े आठ से नौ बजे के बीच मिशन रोड पर श्रमिकों की पिटाई की गई और उन्हें अर्धनग्न अवस्था में घुमाया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के निवासी हैं और कस्बे में राजमिस्त्री का काम करते हैं। स्थानीय निवासियों की सूचना पर सुंदरगढ़ कस्बा थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन श्रमिकों को बचाकर थाने ले गए। राउरकेला के पुलिस महानिरीक्षक बृजेश राय ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हमने दो मुकदमे दर्ज किए हैं, जिसमें एक मामला 10 लोगों के खिलाफ और दूसरा मामला महिला की शिकायत पर दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पहला मामला आठ श्रमिकों को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनकी पिटाई करने के आरोप में दर्ज किया गया है। राय ने बताया कि पुलिस ने उन लोगों को गिरफ्तार करने के लिए अभियान शुरू कर दिया है, जिन्होंने कानून को अपने हाथ में लिया और श्रमिकों को अपमानित किया। उन्होंने बताया, पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है और अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## न्यूज अपडेट

### गैंगस्टर रोधी कानून को लागू करने के संबंध में नए दिशा-निर्देश लगभग तैयार: उत्तर प्रदेश

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि वह उन मौजूदा आपराधिक मामलों पर फिर से विचार कर सकती है जिनमें उसके सख्त गैंगस्टर रोधी कानून को लागू किया गया था। राज्य ने यह भी बताया कि इसके प्रावधानों को कैसे लागू किया जाए, इस पर नए दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) के एम नटराज से कहा था कि उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के कुछ प्रावधान ''कठोर'' प्रतीत होते हैं। पीठ ने नटराज से कहा था, ''कुछ प्रावधान दमनकारी हैं। सरकार को यह देखना चाहिए कि इन्हें कहां लागू किया जाना चाहिए और कहां नहीं।'' इस पर, एएसजी ने कहा, ''अदालत के पहले के आदेश के अनुपालन में सरकार उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में नए दिशानिर्देश तैयार कर रही है। यह लगभग तैयार हैं और हम इसे रिकॉर्ड पर रखेंगे। मौजूदा मामलों पर भी गौर किया जाएगा कि उनमें ये कानून लागू होना चाहिए या नहीं।''


### कांग्रेस ने दिल्ली में 21 उम्मीदवार घोषित किए, नयी दिल्ली से संदीप दीक्षित को टिकट

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जिसमें सबसे प्रमुख नाम पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का है जिन्हें नयी दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया है। नयी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल विधायक हैं। केजरीवाल ने वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में नयी दिल्ली से दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं संदीप दीक्षित की मां शीला दीक्षित को पराजित किया था। केजरीवाल आप की तरफ से इस बार अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किए गए हैं, हालांकि माना जा रहा है कि वह एक बार फिर से इस सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव को बादली से टिकट दिया गया है। वह पहले भी इस सीट विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारून यूसुफ को बल्लीमारान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार को पटपड़गंज और राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक को वजीरपुर से से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र आदर्श शास्त्री को द्वारका से उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए विधायक अब्दुल रहमान को उनके वर्तमान क्षेत्र सीलमपुर से चुनावी मैदान में उतारा गया है। अनिल भारद्वाज को सदर बाजार, मुदित अग्रवाल को चांदनी चौक, जय किशन को सुल्तानपुर माजरा और अली मेहदी को मुस्तफाबाद से टिकट दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में सात नक्सली मारे गए

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत सात नक्सली मारे गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुरक्षा बलों की सराहना की है और कहा है कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक इस खतरे को पूरी तरह से खत्म नहीं कर दिया जाता। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर दक्षिण अबूझमाड़ के जंगल में तड़के करीब तीन बजे उस समय मुठभेड़ शुरू हुई जब सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। सुंदरराज ने बताया कि क्षेत्र में माड़ डिवीजन के नक्सलियों की मौजूदगी के आधार पर 10 दिसंबर को शुरू किए गए अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बस्तर और कोंडागांव जिलों के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से दो महिला नक्सली समेत सात नक्सलियों के शव बरामद होने के बाद सात घंटे से अधिक समय तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। अधिकारी ने बताया कि मौके से भारी मात्रा में हथियार और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं।

# न्यायाधीशों को सोशल मीडिया के उपयोग से बचना चाहिए: उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि न्यायाधीशों को एक संत जैसा जीवन जीना चाहिए तथा पूरी मेहनत से काम करना चाहिए और उन्हें सोशल मीडिया के उपयोग से बचना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि न्यायाधीशों को निर्णयों के बारे में कोई राय व्यक्त नहीं करनी चाहिए। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह मौखिक टिप्पणी की। पीठ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा दो महिला न्यायिक अधिकारियों की बर्खास्तगी से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। उच्चतम न्यायालय ने टिप्पणी की कि न्यायपालिका में दिखावेपन के लिए कोई स्थान नहीं है। पीठ ने कहा, ''न्यायिक अधिकारियों को फेसबुक का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। उन्हें निर्णयों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि कल यदि निर्णय का हवाला दिया जाएगा, तो न्यायाधीश पहले ही किसी न किसी रूप में अपनी बात कह चुके होंगे।'' पीठ ने कहा, ''यह एक खुला मंच है...आपको एक संत की तरह जीवन जीना होगा, पूरी मेहनत से काम करना होगा। न्यायिक अधिकारियों को बहुत सारे त्याग करने पड़ते हैं। उन्हें फेसबुक का बिल्कुल प्रयोग नहीं करना चाहिए।'' बर्खास्त महिला न्यायाधीशों में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बसंत ने पीठ के विचारों को दोहराते हुए कहा कि किसी भी न्यायिक अधिकारी या न्यायाधीश को न्यायिक कार्य से संबंधित कोई भी पोस्ट फेसबुक पर नहीं डालनी चाहिए। यह टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल, जो न्यायमित्र हैं, द्वारा बर्खास्त महिला न्यायाधीश के खिलाफ विभिन्न शिकायतों के बारे में पीठ के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद आई।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दोषी ठहराने के लिए केवल उत्पीड़न पर्याप्त नहीं

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि किसी को आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में दोषी ठहराने के लिए केवल उत्पीड़न पर्याप्त नहीं है और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उकसाने के स्पष्ट सबूत होने चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने यह टिप्पणी गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर अपना फैसला सुनाते हुए की, जिसमें एक महिला को कथित रूप से परेशान करने और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए उसके पति और उसके दो ससुराल वालों को आरोपमुक्त करने से इनकार कर दिया गया था। हाल ही में 34 वर्षीय प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले के मद्देनजर, इस फैसले में की गई न्यायलय की टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं। अतुल सुभाष ने अपनी अलग रह रही पत्नी और उसके परिवार के हाथों उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया, निकिता की मां निशा, पिता अनुराग और चाचा सुशील के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। शीर्ष अदालत की टिप्पणियां निकिता और उसके परिवार के सदस्यों के लिए मददगार साबित हो सकती हैं। वर्ष 2021 में भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए (विवाहित महिला के साथ क्रूरता करना) और 306 सहित कथित अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया था, जो आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से संबंधित है और इसमें 10 साल तक कैद और जुर्माने का प्रावधान है। पीठ ने 10 दिसंबर के अपने फैसले में कहा, ''भादसं की धारा 306 के तहत दोषसिद्धि के लिए यह एक सुस्थापित कानूनी सिद्धांत है कि कार्य को उकसाने का इरादा स्पष्ट होना चाहिए। केवल उत्पीड़न किसी आरोपी को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं है।'' साथ ही पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष को अभियुक्त द्वारा की गई सक्रिय या प्रत्यक्ष कार्रवाई के बारे में बताना चाहिए जिसके कारण एक व्यक्ति ने अपनी जान ले ली। पीठ ने कहा कि कार्य को उकसाने के इरादे का केवल अनुमान नहीं लगाया जा सकता और यह साफ तौर पर तथा स्पष्ट रूप से पहचाने जाने योग्य होना चाहिए।

## ईडी सरकारी अभियोजकों को अदालती कार्रवाइयों के बारे में निर्देश नहीं दे सकता

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और उसके निदेशक धन शोधन मामले के तथ्यों से संबंधित निर्देश दे सकते हैं, लेकिन वे अपने अभियोजकों को यह निर्देश नहीं दे सकते कि उन्हें अदालत में कैसा आचरण करना चाहिए। शीर्ष अदालत का फैसला अदालत के अधिकारियों के रूप में सरकारी अभियोजकों की स्वतंत्रता को रेखांकित करने के साथ ही न्यायिक कार्यवाही में जांच एजेंसियों के प्रभाव को सीमित करता है। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने बुधवार को जीशान हैदर और दाउद नासिर को जमानत देते हुए ये टिप्पणियां कीं। इन्हें दिल्ली वक्फ बोर्ड धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। पीठ ने उनके लंबे समय तक कारावास में रहने का संज्ञान लिया तथा माना कि निकट भविष्य में मुकदमा शुरू नहीं होगा। पीठ ने निचली अदालत के निर्देश पर संज्ञान लेते हुए सरकारी अभियोजकों पर ईडी के अधिकार की सीमाओं को स्पष्ट किया। निचली अदालत ने अपने निर्देश में धन शोधन निरोधक जांच एजेंसी के निदेशक को अभियोजकों को यह निर्देश जारी करने को कहा था कि वे उन मामलों में जमानत आवेदनों का विरोध नहीं करें, जिनमें एजेंसी के कारण सुनवाई में देरी हुई हो। पीठ ने कहा, ''हम यहां यह भी कहना चाहेंगे कि प्रवर्तन निदेशालय और उसके निदेशक मामले के तथ्यों पर सरकारी अभियोजकों को निर्देश दे सकते हैं।

# मैं बस अपना सपना जी रहा हूं: गुकेश

## भारतवासियों ने की गुकेश के ऐतिहासिक विश्व शतरंज चैंपियनशिप खिताब की सराहना

**सिंगापुर :** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने बृहस्पतिवार को यहां 18 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बनने के बाद कहा, 'मैं बस अपना सपना जी रहा हूं'। गुकेश ने उतार-चढ़ाव से भरे खिताबी मुकाबले की रोमांचक 14वीं और आखिरी बाजी में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। अपनी अविश्वसनीय जीत के बाद मितभाषी गुकेश ने कहा, 'मैं पिछले 10 साल से इस पल का सपना देख रहा था। मुझे खुशी है कि मैंने इस सपने को हकीकत में बदला।' उन्होंने कहा, ''मैं थोड़ा भावुक हो गया था क्योंकि मुझे जीत की उम्मीद नहीं थी। लेकिन फिर मुझे आगे बढ़ने का मौका मिला।' गुकेश ने कहा, 'मैं छह-सात साल की उम्र से ही इस पल का सपना देख रहा था और इसे जी रहा था। हर शतरंज खिलाड़ी इस पल को जीना चाहता है। मैं अपना सपना जी रहा हूं। मैं कैंडिडेट्स से चैंपियनशिप तक के सफर के लिए भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।' दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनने का उनका सपना तब शुरू हुआ जब उन्होंने 2013 में चेन्नई में अपने आदर्श विश्वनाथन आनंद और नॉर्वे के महान शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के बीच विश्व चैंपियनशिप



मैच देखा। उन्होंने कहा, '2013 में जब मैंने मैग्नस कार्लसन और विश्व चैंपियनशिप मैच में विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को देखा तो मुझे लगा कि एक दिन ग्लास रूम के अंदर होना बहुत अच्छा होगा। और वास्तव में वहां बैठना और अपने बगल में भारतीय ध्वज को देखना शायद सबसे अच्छा पल होगा।' गुकेश ने कहा, 'जब मैग्नस ने जीत हासिल की तो मैंने सोचा कि मैं वास्तव में भारत को खिताब वापस लाने वाला व्यक्ति बनना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैंने 2017 में कहा था कि मैं इतिहास का सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं।' पांच बार के चैंपियन आनंद के बाद गुकेश खिताब जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय बने। गुकेश ने खुलासा किया कि शुरुआती गेम में लिरेन से हारने के बाद आनंद ने ही उन्हें ढाढस बंधाया था। उन्होंने कहा, 'मैं यहां आया और पहला गेम ही हार गया। सौभाग्य से वापस जाते समय मैं लिफ्ट में विशी सर (आनंद) से मिला और उन्होंने कहा 'मेरे पास केवल 11 मैच बचे थे, आपके पास 13 और बाजियां हैं, आपको मौके मिलेंगे'।'

## उच्च न्यायालय ने आईजीयू चुनावों में हस्तक्षेप करने से इनकार किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 15 दिसंबर को होने वाले भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के चुनावों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रामेश्वर सिंह मलिक को मतदान अधिकारी के रूप में कार्य करने की अनुमति दी है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद निवर्तमान बृजिंदर सिंह का फिर से अध्यक्ष बनना तय है क्योंकि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मलिक ने मंगलवार को एक नोटिस जारी करके बताया था कि प्रत्येक पद के लिए सिर्फ एक दावेदार होने के कारण सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने जाएंगे। लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं हो सकता क्योंकि उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता बंगाल गोल्फ संघ को नतीजे घोषित होने के बाद चुनाव को चुनौती देने की छूट दे दी है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मलिक आईजीयू चुनाव कराने के लिए नियुक्त किए गए तीसरे मतदान अधिकारी हैं। उनसे पहले नियुक्त किए गए दो मतदान अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया था। बंगाल गोल्फ संघ ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मलिक की नियुक्ति को चुनौती दी थी, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस संबंध में कोई भी आदेश पारित करने से परहेज किया। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की एकल पीठ ने 10 दिसंबर को आदेश जारी करते हुए कहा, 'मेरा विचार है कि इस स्तर पर चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना अनुचित है। कोई भी विवाद प्रक्रिया के दौरान नहीं, बल्कि चुनाव परिणामों को चुनौती देने के लिए उठाया जा सकता है।' आदेश में कहा गया है, 'लंबित आवेदनों के साथ रिट याचिका का निपटारा किया जाता है। चुनाव परिणाम घोषित किए जाने के बाद याचिकाकर्ता या किसी अन्य पक्ष के लिए उचित कानूनी उपाय करने का अधिकार सुरक्षित रखा जाता है।'

## अगर रोहित को ऑस्ट्रेलिया को दबाव में लाना है तो उन्हें पारी का आगाज करना होगा: शास्त्री



**ब्रिस्बेन :** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने बृहस्पतिवार को भारत के कप्तान रोहित शर्मा से कहा कि अगर उन्हें आत्मविश्वास से भरी प्रतिद्वंद्वी टीम को दबाव में लाना है तो उन्हें पारी का आगाज करना चाहिए। भारत ने 2017-18 में ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीती थी, तब शास्त्री टीम के निदेशक के रूप में कार्यरत थे और 2020-21 में पिछले दौरे में मेजबानों को चौंकाने के लिए शानदार वापसी की थी तब वह मुख्य कोच थे। रोहित को छठे नंबर पर बल्लेबाजी कराने के कदम से भारत को मनमुताबिक परिणाम नहीं मिले और उन्हें एडिलेड में दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। इससे पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई और शास्त्री का मानना है कि इससे श्रृंखला का भाग्य तय हो सकता है।

## कोहली ने टीम को संबोधित किया, रोहित ने नयी और पुरानी गेंद से किया अभ्यास



ब्रिस्बेन : विराट कोहली जब कप्तान थे तो ट्रेनिंग सत्रों के दौरान वह सभी के आकर्षण का केंद्र हुआ करते थे और बृहस्पतिवार को उन्होंने फिर यहां अभ्यास के दौरान अपने साथी खिलाड़ियों को संबोधित किया। एडिलेड में दिन रात्रि मैच में मिली 10 विकेट की हार के बाद मेहमान टीम को श्रृंखला के महत्वपूर्ण तीसरे टेस्ट में खेलने से पहले थोड़ी प्रेरणा की जरूरत थी और टीम के युवाओं का मार्गदर्शन करने के लिए 'किंग' कोहली से बेहतर कोई 'मेंटोर' नहीं मिल सकता। कोहली जब कप्तान थे तो वह ट्रेनिंग सत्र के दौरान खिलाड़ियों से काफी बातें किया करते थे। कप्तानी छोड़ने के बाद उन्होंने यह बंद कर दिया। लेकिन लगातार चार हार के बाद कप्तान रोहित पर भी भारी दबाव है और टीम के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी (टेस्ट पदार्पण के मामले में) ने शनिवार से यहां शुरू होने वाले मैच से पहले पहल की। उप कप्तान जसप्रीत बुमराह के साथ कोहली खिलाड़ियों से उत्साहपूर्वक बात करते देखे गए और रोहित सहित सभी ने उनकी बात ध्यान से सुनी। रोहित ने नेट्स में नयी और पुरानी गेंद दोनों का सामना किया। वह गाबा में अपने नेट सत्र के दौरान काफी बेहतर स्थिति में दिखे लेकिन इस बात पर सवालिया निशान बने हुए हैं कि क्या वह पारी की शुरुआत करेंगे या छठे नंबर पर ही बने रहेंगे जो उनकी पसंदीदा जगह नहीं है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने फिर नेट्स पर नयी गेंद का सामना किया। रोहित ने शुरुआत में थोड़ी पुरानी कूकाबुरा गेंद से खेले। फिर उन्होंने नयी लाल गेंद भी खेली। गाबा की पिच पर काफी घास है जो हमेशा से पारंपरिक ऑस्ट्रेलियाई विकेटों में से एक रहा है जिसमें सीम और उछाल दोनों मिलते हैं। ट्रेनिंग सत्र के बाद रोहित और मुख्य कोच गौतम गंभीर के बीच लंबी बातचीत हुई और दूर से ऐसा लग रहा था कि वे तकनीक पर चर्चा कर रहे थे। गंभीर को कुछ 'शैडो ड्राइव' (हाथ से इशारा करके शॉट बताना) के लिए तैयार होते देखा गया जबकि रोहित उन्हें ध्यान से देख रहे थे। आकाश दीप को भारतीय नेट सत्र में सबसे निरंतर गेंदबाज माना जाता है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह युवा हर्षित राणा की जगह लेंगे जिन्हें एडिलेड में दूसरे टेस्ट के दौरान ट्रेविस हेड ने कड़ी चुनौती दी थी। पर्थ में टेस्ट पदार्पण में चार विकेट लेने के बाद हर्षित ने 16 ओवर में 86 रन दे दिए लेकिन कप्तान रोहित ने युवा खिलाड़ी का बचाव किया। आकाश दीप ने दो बार जयसवाल को परेशान किया और कप्तान ने भी उनकी पीठ थपथपाई। शमी शायद अभी टेस्ट खेलने के लिए फिट नहीं हैं। वह शायद भारतीय टीम में शामिल नहीं हों क्योंकि रणजी ट्रॉफी में वापसी के बाद सैयद मुश्ताक अली टी20 के नौ मैच खेलने के बाद उन्हें खुद लगता है कि वह अभी लाल गेंद के क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, 'सूजन आ जा रही है। वह खुद भी अधिक से अधिक घरेलू क्रिकेट खेलना चाहते हैं और इसलिए इस समय उनके बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी (21 दिसंबर से शुरू) में खेलने की संभावना है।' वहीं अकेला स्पिनर कौन होगा, यह भी सवाल है।

## यह शायद मेरी आखिरी राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगी: ओलंपिक पदक विजेता विजय कुमार



**नयी दिल्ली :** ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप शायद उनकी आखिरी प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता होगी जिससे इस टूर्नामेंट से उनका लंबा जुड़ाव खत्म हो जाएगा। विजय ने 2012 लंदन ओलंपिक में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। उन्होंने कहा, 'यह मेरी 23वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगी और शायद यह मेरी आखिरी प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता होगी क्योंकि मैं प्रतिस्पर्धी ट्रेनिंग बंद करके कोचिंग में जाने की योजना बना रहा हूं।' विजय ने कहा, 'मैं खेल से जुड़े रहने के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेना जारी रख सकता हूं लेकिन मैं प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी बंद करने की योजना बना रहा हूं।'

समाज्ञा
व्यापार

### न्यूज इन ब्रीफ

#### सोने में 500 रुपये की तेजी, चांदी 700 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली :** खुदरा और आभूषण विक्रेताओं की निरंतर खरीदारी के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये बढ़कर 80,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन सत्रों में पीली धातु के भाव करीब 2,000 रुपये चढ़े हैं।

#### रिलायंस ने रूस की रोसनेफ्ट के साथ कच्चे तेल के आयात का समझौता किया

**नयी दिल्ली :** उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. ने रूस की रोसनेफ्ट से 10 साल के लिए प्रति वर्ष 12-13 अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल आयात करने का समझौता किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। रूस की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट रिलायंस को प्रतिदिन 5,00,000 बैरल (2.5 करोड़ टन सालाना) तक कच्चे तेल की आपूर्ति करेगी। मौजूदा कीमतों पर 10 साल का सौदा सालाना 12-13 अरब डॉलर का बैठता है। इस बारे में पूछे जाने पर रिलायंस के प्रवक्ता ने कहा, रूस वर्तमान में भारत को कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है।

#### टाटा मोटर्स के ट्रकों, बसों की कीमत एक जनवरी से दो प्रतिशत तक बढ़ेगी

**नयी दिल्ली :** वाहन विनिर्माता कंपनी टाटा मोटर्स के ट्रकों और बसों की कीमत एक जनवरी, 2025 से दो प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बढ़ती लागत का हवाला देते हुए अपने ट्रकों और बसों के दाम बढ़ाने की घोषणा की। मोटर वाहन विनिर्माता ने बयान में कहा, कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई। यह अलग-अलग मॉडल तथा संस्करणों के अनुसार अलग-अलग होगी, लेकिन लागू ट्रकों और बसों की पूरी शृंखला पर होगी। मारुति सुजुकी, हुंदै मोटर इंडिया और टाटा मोटर्स सहित यात्री वाहन विनिर्माताओं के साथ-साथ लक्जरी कार कंपनियां- मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू और ऑडी पहले ही जनवरी से अपने वाहनों की कीमत बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं।

## इन सर्दियों में थाइलैंड, वियतनाम, लंदन, बाली के लिए उड़ान बुकिंग में 80-100 प्रतिशत का उछाल



**मुंबई :** इस साल सर्दियों के दौरान थाइलैंड, वियतनाम, लंदन और बाली शीर्ष विदेशी यात्रा स्थलों में उभरे हैं। यात्रा ऐप 'इक्सिगो' और बस टिकट करने के ऑनलाइन मंच 'अभीबस' ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि इन स्थानों के लिए उड़ान बुकिंग में 80-100 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू स्तर पर, सुंदर ठंडे परिदृश्य और बर्फबारी के आकर्षण के कारण इस मौसम में अधिक यात्री पहाड़ों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जम्मू, श्रीनगर और देहरादून जैसे उत्तर भारत के प्रमुख पहाड़ी स्टेशनों पर उड़ान बुकिंग में वृद्धि देखी जा रही है। इक्सिगो ने कहा कि इसके साथ ही शिरडी, तिरुपति, अमृतसर और वाराणसी जैसे आध्यात्मिक स्थलों के लिए उड़ान बुकिंग में सालाना 22 प्रतिशत से लेकर 669 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई है। आंकड़ों में बताया गया कि 20 दिसंबर, 2024 से दो जनवरी, 2025 तक बैंकॉक, फुकेट, अबू धाबी, कोलंबो, सिंगापुर, लंदन, वियतनाम, बाली और दुबई जैसे अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों की यात्रा के लिए उड़ान बुकिंग में सालाना 48-174 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार, हवाई किराये (एकतरफा) के संदर्भ में, मुंबई-हो ची मिन्ह सिटी (वियतनाम) जैसे कुछ मार्गों पर 30 दिन की अग्रिम खरीद तिथि (एपीडी) के आधार पर छह प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गई है, जबकि मुंबई-फुकेट जैसे अन्य मार्गों पर 47 प्रतिशत तक की वार्षिक वृद्धि देखी गई है। दूसरी ओर मुंबई-लंदन मार्ग पर प्रस्थान के लिए हवाई किराये में सालाना 46 प्रतिशत की गिरावट आई है। नई दिल्ली-हो ची मिन्ह सिटी मार्ग पर हवाई किराये में 18 प्रतिशत की गिरावट आई है। एकतरफ़ा हवाई किराये की गणना 24 दिसंबर, 2023-एक जनवरी, 2024 के प्रस्थान के लिए और 24 दिसंबर, 2024-एक जनवरी, 2025 के प्रस्थान के लिए की गई है। आंकड़ों के अनुसार, घरेलू स्तर पर हवाई किराये (एकतरफा) के मामले में, दिल्ली-हैदराबाद (प्रस्थान) जैसे मार्गों पर 30 दिन की एपीडी आधार पर पिछले साल की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि बेंगलुरू-लखनऊ और पुणे-नई दिल्ली मार्गों पर यह वृद्धि मात्र तीन प्रतिशत रही है। दूसरी ओर, चेन्नई-कोलकाता मार्ग पर प्रस्थान के लिए हवाई किराये में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है, लेकिन कोलकाता-हैदराबाद मार्ग पर केवल तीन प्रतिशत की गिरावट आई है।

## मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले सतर्क रुख के बीच शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 236 अंक टूटा




**मुंबई :** खुदरा मुद्रास्फीति के आधिकारिक आंकड़ों की घोषणा से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 236 अंक टूट गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 93 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और हिंदुस्तान यूनिलीवर में भारी बिकवाली के अलावा रुपये में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी से भी धारणा कमजोर हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 236.18 अंक यानी 0.29 प्रतिशत गिरकर 81,289.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 314.5 अंक तक गिरकर 81,211.64 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 93.10 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 24,548.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर लाभ के साथ बंद हुए।

## जोमैटो को 803.4 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस मिला

**नयी दिल्ली :** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने का सामान पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने बृहस्पतिवार को कहा कि ठाणे में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने उसे 803.4 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस भेजा है। इसमें ब्याज और जुर्माना भी शामिल है। जोमैटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि डिलिवरी शुल्क पर ब्याज और जुर्माना के साथ जीएसटी का भुगतान न करने के संबंध में उसे नोटिस मिला है। कंपनी ने कहा कि वह उचित प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करेगी क्योंकि उसका मानना है कि उसका मामला मजबूत है। जोमैटो ने कहा, ... कंपनी को 12 दिसंबर, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है... 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के लिए सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, ठाणे आयुक्तालय, महाराष्ट्र के संयुक्त आयुक्त द्वारा पारित है।




वर्ष 9, पूर्णांक 4087 अंक 237, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in